

प्रेरणास्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित

सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 185 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 रविवार, 11 मई 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495

# पाक की नापाक हरकत जारी...

- सेना की ओर से दिए जा रहे मुंहतोड़ जवाब के चलते बैकफुट आए पाकिस्तान की पहल पर भारत संघर्ष विराम के लिए राजी हुआ था
- संघर्ष विराम की पुष्टि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने की थी, यह संक्षिप्त घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह कहने के तुरंत बाद आई थी

- तीन राज्यों के कई जिलों में ब्लैकआउट, श्रीनगर और उधमपुर में धमाकों की आवाज
- पाकिस्तान ने सीजफायर तोड़ा, श्रीनगर में धमाके की खबर; J-K और गुजरात में दिखे कई ड्रोन
- सीजफायर को लेकर दोपहर 03:35 बजे, शाम पांच बजे से संघर्ष विराम लागू करने को लेकर बनी थी द्विपक्षीय सहमति का उल्लंघन किया है।



## नहीं सुधरेगा पाकिस्तान: पाकिस्तान की तरफ से युद्धविराम का घोर उल्लंघन, सेना को सख्त कदम उठाने के निर्देश: विदेश मंत्रालय, पठानकोट, लुधियाना में धमाकों की आवाज

## फिर हमला किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे: कोमोडोर रघु



**नई दिल्ली :** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद शनिवार शाम को रक्षा मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें आर्मी से कर्नल सोफिया कुरैशी, एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह और नेवी से कोमोडोर रघु आर नायर मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय की ब्रीफिंग कुल 9 मिनट चली। इसमें कर्नल सोफिया ने पाकिस्तान की तरफ से गलत सूचनाएं फैलाने की जानकारी दी। वहीं कोमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा अब मैं आपको पाकिस्तान की मिस इन्फॉर्मेशन कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पहला उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया। ये बिल्कुल गलत है। उसका कहना है कि हमारी एयरफील्ड सिरसा, जम्मू,पठानकोट और भुज में हमला किया है, ये भी पूरी तरह से गलत है। हमारे चंडीगढ़ और ब्यास स्थित हथियार खाने पर हमला किया, यह बात भी गलत है। हमने आपको सुबह भी बताया था कि ये सभी मिलिट्री फैसिलिटीज पूरी तरह सुरक्षित हैं, इन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पाकिस्तान कह रहा है कि भारत ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। भारत की सेना उसकी वैल्यूज की बहुत अच्छी झलक है। हमने उनके मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाया। भारत ने पाकिस्तान की एयरफील्ड स्कर्दू, जकूबाबाद, सरगोदा और बुलारी को बहुत नुकसान पहुंचा है। हमने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम को फेल किया। उनके मिलिट्री सिस्टम का हमने नुकसान किया।

# भारतीय सेना को मिली खुली छूट

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

सीजफायर के एलान के कुछ घंटे के बाद पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी हो रही है। शनिवार शाम विदेश मंत्रालय की तरफ से जानकारी दी थी कि दोनों देश सीजफायर के लिए दोनों देश राजी हो गए थे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया था कि 12 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच फिर बातचीत होना तय था।

**पाकिस्तान ने संघर्ष विराम उल्लंघन किया, सरकार ने सख्ती से निपटने के निर्देश दिए**

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि संघर्ष विराम लागू करने को लेकर डीजीएमओ स्तर पर बनी सहमति का उल्लंघन किया गया है। पाकिस्तान ने संघर्षविराम का उल्लंघन किया। भारत मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। सरकार ने ठोस और सख्त कदम उठाने के आदेश दे दिए हैं। वहीं जम्मू के पास नगरोटा में एक सैन्य इकाई पर आतंकवादी हमले की खबर है।



**नगरोटा में रोका गया ड्रोन**

जम्मू-कश्मीर के नगरोटा में ब्लैकआउट के बीच भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तानी ड्रोन को रोका। लाल धारियां दिखीं और विस्फोटों की आवाज सुनाई दी।

**अमृतसर में ब्लैकआउट, पटाखे नहीं जलाने की अपील**

पंजाब के 10 जिलों में ब्लैकआउट की खबर है। अमृतसर के उपायुक्त (डीसी) ने कहा, संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरों के कारण हम आज अलर्ट पर रहेंगे। जरूरत पड़ने पर ब्लैकआउट का पालन किया जाएगा। ब्लैकआउट लागू होने के लिए तैयार रहें और घरों के अंदर ही रहें। उन्होंने पटाखे नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम कई बार अभ्यास कर चुके हैं। ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है। ब्लैकआउट अत्यधिक सावधानी के तौर पर है।

**कच्छ में कई ड्रोन देखे गए, ब्लैकआउट लागू**

गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी ने कहा है कि कच्छ में कई ड्रोन देखे गए हैं। पूरे शहर में ब्लैकआउट लागू है। उन्होंने नागरिकों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की है। आपको बता दें कि चार घंटे में ही टूटा संघर्षविराम, पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी

शाम पांच बजे से भारत पाकिस्तान के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम कुछ ही घंटों में टूट गया। पाकिस्तान की ओर से अंतरराष्ट्रीय सीमा और एलओसी पर फायरिंग की गई है। बताया जा रहा है कि कुछ इलाकों में पाकिस्तानी ड्रोन भी देखे गए हैं।

### भारत ने पांच खूंखार आतंकियों को ढेर किया

बता दें कि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। भारतीय सशस्त्र बलों ने पांच खूंखार आतंकियों को ढेर कर दिया है। जिन आतंकियों की सूची समने आई है, उसमें मसूद अजहर का भाई और उसके बीवी का भाई भी शामिल है।

### पाकिस्तान ने फिर की हिमाकत

**जिस** पाकिस्तान के एक के बाद एक सैन्य ठिकाने भारत की जवाबी कार्रवाई में निशाना बन रहे थे, उसका अचानक संघर्ष विराम के लिए राजी हो जाना किसी नाटकीय घटनाक्रम से कम नहीं था। शाम 6 बजे भारत ने संघर्ष विराम की पुष्टि की थी और बताया कि पाकिस्तान की पहल पर बातचीत हुई और दोनों देश सीजफायर के लिए राजी हुए। ऐसा प्रतीत हुआ कि भारत का कड़ा रुख तो जारी रहेगा, लेकिन सरहदों पर हालात सामान्य हो जाएंगे। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। पाकिस्तान अपनी फितरत से बाज नहीं आया और उसने संघर्ष विराम तोड़ने की हिमाकत कर दी।

### आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई होगी: जयशंकर

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर फायरिंग और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया था कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपने कठोर और अडिग रुख से कोई समझौता नहीं करेगा। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच फायरिंग और सैन्य कार्रवाई को बंद करने के लिए आज सहमति बनी है। भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को बर्दाश्त नहीं करने के अपने दृढ़ और अडिग रवैये पर कायम है। इससे पहले एक उच्चस्तरीय बैठक के बाद सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया था कि भारतीय भूमि पर की गई कोई भी आतंकवादी गतिविधि अब सीधे तौर पर देश के विरुद्ध युद्ध मानी जाएगी।

## भारत की संप्रभुता-अखंडता की रक्षा के लिए समर्पित: सोफिया



कर्नल सोफिया बोलीं, 'पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम को बेकार कर दिया। एलओसी के पास पाकिस्तान के कमांड एंड कंट्रोल लॉजिस्टिक इंस्टालेशन और उनके मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर्स और उनके पर्सनल का इतना नुकसान हुआ कि पाकिस्तान की ऑफेंसिव और डिफेंसिव कैपेबिलिटी को नष्ट कर दिया गया। फिर से बात दोहराना चाहूंगी कि इंडियन आर्म्ड फोर्सेस पूरी तरह तैयार और सतर्क हैं। भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं।'

**हम पूरी तरह से तैयार और सतर्क: कोमोडोर रघु** : कोमोडोर रघु आर नायर ने कहा कि भारतीय आर्मी, नेवी और एयरफोर्स मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम पूरी तरह से तैयार और सतर्क हैं। पाकिस्तान की किसी भी हिमाकत को ताकत से जवाब दिया चुका है, आगे भी तनाव बढ़ाने की कोशिश की तो उन्हें निर्णायक जवाब दिया जाएगा। कर्नल सोफिया ने कहा, 'पाकिस्तान कह रहा है कि भारत ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और भारत की सेना उसकी वैल्यूज की बहुत अच्छी झलक है। हमने उनके मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाया। भारत ने पाकिस्तान की एयरफील्ड स्कर्दू, जकूबाबाद, सरगोदा और बुलारी को बहुत नुकसान पहुंचाया।' कर्नल सोफिया कुरैशी, 'अब मैं आपको पाकिस्तान की मिस इन्फॉर्मेशन कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पहला उसने अपने जेएफ 17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, ये बिल्कुल गलत है।

## किसी भी आतंकी कृत्य को 'युद्ध की कार्रवाई' मानेगा भारत



**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

पाकिस्तान के साथ लगातार बढ़ रहे तनाव के बीच भारत सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया है कि देश में भविष्य में किसी भी आतंकवादी कृत्य को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। सरकारी सूत्र ने बताया कि भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि भावी आतंकी वारदातों को युद्ध छेड़ने का प्रयास मानते हुए उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। बता दें कि भारत इससे पहले भी स्पष्ट संकेत दे चुका है कि वह किसी भी आक्रामक गतिविधि या युद्ध जैसे हालात का सामना करने को तैयार है। दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के अगले दिन यानी 8 मई की शाम मीडिया के सामने आईं महिला सैन्य अधिकारी- कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका युद्ध वर्दी में नजर आई थीं। पीएम मोदी के साथ बैठकों में शीर्ष सैन्य अधिकारी- सेना प्रमुख भी कॉम्बैट यूनिफॉर्म में देखे गए। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी वारदात के बाद आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए भारतीय सेना ने बीते सात मई को पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई की।

### आतंकी हमले की हिमाकत कर रहा पड़ोसी

ऑपरेशन सिंदूर के तहत इस कार्रवाई के बाद तिलमिलाया पाकिस्तान लगातार भारत को उकसाने के प्रयास कर रहा है। आतंकवादियों के खिलाफ भारत की सीमित और नियंत्रित कार्रवाई को पड़ोसी देश ने 'एक्ट ऑफ वॉर' बताया। बीते तीन-चार दिन से पाकिस्तान ड्रोन और मिसाइलों से भारत की सीमाओं को अशांत करने की हिमाकत कर रहा है। ऐसी हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने अब तक संयम दिखाया है।

## सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिन से चल रहा संघर्ष थम गया था। पाकिस्तान की ओर से घुटने टेके जाने के बाद भारत ने शाम पांच बजे से संघर्ष विराम का एलान किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष विराम के लिए भारत अपनी शर्तों पर तैयार हुआ था। संघर्ष विराम के बीच सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि युद्ध विराम की कोई पूर्व या पश्चात शर्त नहीं है। संघर्ष विराम का आह्वान पाकिस्तान की ओर से किया गया था। सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत ने सबसे पहली जवाबी कार्रवाई सिंधु जल संधि को निलंबित कर की थी। दोनों देशों के बीच चार युद्धों और दशकों से जारी सीमा पार आतंकवाद के बावजूद इस संधि को बरकरार रखा गया था। सिंधु नदी के जल पर पाकिस्तान की 70 फीसदी कृषि निर्भर करती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है।



### आईएमएफ फंड: विदेशी कर्ज को भी पाक सेना खर्च करती है और उसमें बड़ी मात्रा में लूट भी होती है: विक्रम

यह किसी से छिपा नहीं है कि - पाकिस्तान आतंकवाद को न सिर्फ बढ़ावा देता है, बल्कि उसका संरक्षण भी करता है। कई देश इस आतंकवाद से जूझ भी रहे हैं। लेकिन व्यक्तिगत स्वार्थसिद्धि इतना हावी है कि कई देश खुलकर तो कुछ अनचाहे अलग अलग तरह से मदद भी कर रहे हैं। चीन और तुर्किए का पाकिस्तान के साथ सहयोग तो इस युद्ध में भी दिख रहा है। लेकिन जिस तरह एक दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने फिर से पाकिस्तान को 1.3 अरब डॉलर के वित्तीय पैकेज की मंजूरी दी, उसके परिणाम के लिए उन देशों को भी जवाबदेह होना पड़ेगा जिसने सहमति दी। अमेरिका भी आईएमएफ में बड़ा पार्टनर है। भारत ने इसका पुरजोर विरोध किया और पाकिस्तान के इतिहास की याद भी दिलाई। अमेरिका भी इस बात से वाकिफ है कि पाकिस्तान की वास्तविक कमान सेना के हाथ है, जो हमेशा युद्ध जैसी स्थिति बनाकर रखना चाहती है। यह एक आमधारणा है कि पाकिस्तान के पास सेना नहीं है, बल्कि पाकिस्तानी सेना के हाथ में एक देश है।

### पाकिस्तान के समर्थन में आया चीन



**भारत** पाकिस्तान तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्ष विराम का एलान किया। इसके बाद चीन पाकिस्तान के समर्थन में उतर आया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शनिवार को पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के साथ टेलीफोन पर बात की। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि उनका देश पाकिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय स्वतंत्रता को बनाए रखने में उसके साथ खड़ा रहेगा। विदेश कार्यालय ने कहा कि उन्होंने पुष्टि की कि चीन, पाकिस्तान के रणनीतिक सहयोगी साझेदार और दृढ़ मित्र के रूप में, उसकी संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय स्वतंत्रता को बनाए रखने में पाकिस्तान के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।

### 'पाक को आतंकवाद को खत्म करना चाहिए'

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का स्वागत करते हुए कहा कि पाकिस्तान को अब अपने देश से आतंकवाद को खत्म करना चाहिए। वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि भारत कभी भी आम पाकिस्तानी नागरिक के प्रति युद्ध नहीं करना चाहता था, हमारी लड़ाई पाकिस्तान सेना एवं सरकार के संरक्षण में यहां की जमीन पर चल रहे आतंकवाद से है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह संघर्ष विराम पाकिस्तान सेना एवं सरकार के लिए एक सुनहरी अवसर है।

**भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा: कर्नल सोफिया कुरैशी**

## पांच एयरबेस को हुआ था भारी नुकसान, तब घुटने पर आया था पाक

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का भले ही ऐलान हो गया हो और कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान के तरफ से संघर्ष विराम का उल्लंघन कर दिया गया। इससे पूर्व दो दिन के भीतर जवाबी कार्रवाई के दौरान भारत ने पाकिस्तान के स्कर्दू, जैकोबाबाद, सरगोधा और भोलारी एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचाया है। भारत ने यह भी निर्णय लिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। भारत-पाकिस्तान



संघर्ष विराम समझौते के बाद रक्षा मंत्रालय की ओर से कमोडोर रघु आर नायर, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके विस्तार से जानकारी दी। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आधिकारिक तौर पर संकेत दिया कि यह भारत की ओर से पाकिस्तानी ठिकानों भोलारी, स्कार्दू, सरगोधा और जैकोबाबाद पर लगातार किए गए दंडात्मक हमलों का नतीजा है, जिसके परिणामस्वरूप आज संघर्ष विराम हुआ है। इससे पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने जानकारी दी कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने आज दोपहर 15:35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच सहमति बनी कि दोनों पक्ष भारतीय मानक समय अनुसार 17:00 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। आज दोनों पक्षों को इस सहमति को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।


### पाकिस्तान के अफवाह, प्रोपेगेंडा का दावा निकाला

सैन्य संचालन महानिदेशक 12 मई को 12 बजे फिर से बात करेंगे। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो पूरी तरह से गलत है। पाकिस्तान के अफवाह, प्रोपेगेंडा और झूठ का कर्नल कुरैशी ने पदार्फाश करते हुए कहा कि हमारे सभी सैन्य ठिकाने, एयरबेस और एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस-400 सुरक्षित हैं। सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में हमारे हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाया गया, जबकि यह दावा भी पूरी तरह से गलत है।

# 1965 और 1971 के युद्ध में देश के शूरवीरों ने भारत माता के दामन पर नहीं लगने दिया दाग

## परिजनों व सैनिकों ने कहा: पाकिस्तान के हर एक हमले का दिया मुंहतोड़ जवाब, 1965 और 1971 की तरह आज भी भारतीय सेना पाक को धूल चटाने में सक्षम

**अमित वालिया, लोहारू**







पहलगाम पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत की और से किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक बौखलाया हुआ है। वर्तमान में जिस प्रकार से पाकिस्तान अपनी नापाक कोशिश कर रहा है इससे लगता है कि पाक अपनी कब्र खुद ही खोदने का काम कर रहा है। चार बार भारत से मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान पर कुत्ते की पूंछ वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। पाक यह भूल रहा है कि आज का भारत नया भारत है आज भारत की सैन्य ताकत कई गुना बढ़ गई है जो 1965 और 1971 के युद्ध के परिणामों की सोच से भी कहीं ज्यादा पाक पर भारी पड़ने वाली है। 1965 और 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले गांव रहीमपुर के सैनिकों व उनके परिवारों का कहना है भारतीय सेना पर उनको गर्व है। नए भारत की आधुनिक भारतीय सेना पाकिस्तान को धूल चटाने में सक्षम है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान सीमा से सटा छोटा सा गांव रहीमपुर जिसमें कई सैनिकों ने 1965 और 1971, 1999 के कारगिल युद्ध के हिस्सा रहे हैं। आज जब उन सैनिकों व उनके परिवारों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने हमेशा भारत के नियंत्रण वाले कश्मीर में घुसपैठ करके विद्रोह भडकाने की कोशिश की है। जिसके जवाब में भारत ने भी पश्चिमी पाकिस्तान पर हमला कर दिया। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ सोवियत संघ ने भारत की मदद की थी। 1971 में, अमेरिका ने पाकिस्तान की ओर से भारत को धमकाने के लिए बंगाल की खाड़ी में युद्धपोत भेजे। हालांकि, सोवियत संघ ने अमेरिकी नौसेना का सामना करने के लिए परमाणु-सशस्त्र पनडुब्बियों और विध्वंसक भेजकर जवाब दिया। दोनों युद्ध भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो देश के सैनिकों की वीरता और साहस की कहानी बताता है।

1965 और 1971 युद्ध के साक्षी रहे गांव रहीमुपर के पूर्व सैनिक रामसिंह बिजारणियां, मोहर सिंह बिजारणियां, स्व. नायब सुबेदार नेतराम काजला के पुत्र एडवोकेट रामचंद्र काजला बताते हैं कि 1971 में पाकिस्तान ने राजस्थान के जोधपुर शहर पर 200 से अधिक बम गिरा के युद्ध की शुरूआत की थी। इसके बाद भारतीय सेना ने पाक की नापाक कोशिश का डटकर मुकाबला किया। उन्होंने बताया कि इसके बाद भारतीय सेना की मूवमेंट तेज हो गई और आसपास के इलाके को खाली करवाया। रात के अंधेरे में सिविल डिफेंस की टीम आम नागरिकों को सचेत करना शुरू कर दिया। इसी दौरान पाक एयरफोर्स ने पंजाब के कुछ शहरों पर एयर स्ट्राइक की थी। रात में लोग तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के राष्ट्र के नाम संदेश सुनने के लिए रेडियो पर इंतजार कर रहे थे। इसके बाद जोधपुर शहर ब्लैक आउट कर दिया गया और भारतीय सेना के 10 पैरा कमांडो टैंक लेकर पाकिस्तान में घुस गए और करीब 80 केएम अंदर घुसकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के थारपारकर जिले के छाछरो पर कब्जा कर लिया था।

एडवोकेट रामचंद काजला ने बताया कि उनके पिता नायब सुबेदार स्व. नेतराम 1965 के भारत पाक युद्ध में फोर ग्रिनेडियर में गुजरात के कच्छ भुज में समजोडिया क्षेत्र में फ्रंट लाइन सेनानी थे। उन्होंने बताया कि यह युद्ध करीब 17 दिन चला। इसमें सेना के जवान उनको खाना पहुंचाते थे। वहीं इस युद्व में अब्दुल हमीद ने 1965 के भारत-पाक युद्ध में 8 पाकिस्तानी टैंकों को नष्ट किया था। उन्होंने अपने साधारण रिकॉयलेस गन का उपयोग करके यह मुकाम हासिल किया था।

उनके पिता 1971 के युद्ध में थार रेगिस्तान में लोंगेवाला पोस्ट पर फोर ग्रिनेडियर यूनिट में फ्रंट लाइन सैनिक के रूप में तैनात थे। उनके पिता बताते थे कि उस समय आम नागरिकों ने भी भारतीय सेना की दूध, खाना व दवाई देकर सेना की बहुत मदद की थी जिसकी बदौलत भारत ने पाक को करारा जवाब दिया था। रामचंद्र काजला ने बताया कि उसका छोटा भाई शहीद भोपाल सिंह कारगिल युद्ध के दौरान 12 फरवरी 1999 को जम्मू कश्मीर के डोडा जनपद में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान देश रक्षा में अपने प्राण देश पर न्योछावर कर दिए थे। करीब 75 वर्षीय पूर्व सैनिक रामसिंह बिजारणियां, 90 वर्षीय मोहर सिंह बिजारणियां ने बताया कि 1965 और 1971 के युद्ध को याद करते हैं तो आज उनका सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। हालांकि उस समय उनको बहुत से कष्टों का सामना करना पड़ा था परंतु उनके मन में केवल और केवल एक ही बात रहती थी कि किस प्रकार से दुश्मन देश को पस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि जब आज देश में युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं यदि देश को जरूरत पड़ी तो वे अपनी कुबार्नी देने को तैयार हैं।

## स्व. सुरेश शर्मा की पुण्यतिथि पर नई पहल, युवा क्लब मिरान ने लगाया रक्तदान शिविर, 55 ने किया रक्तदान

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**तोशाम, 10 मई।** स्वर्गीय सुरेश शर्मा की पुण्यतिथि पर नई पहल करते हुए गांव मिरान के युवा क्लब ने शनिवार को गांव मिरान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में बतौर मुख्यअतिथि डॉक्टर सुनीता जनावा पहुंची तो शिविर की अध्यक्षता मास्टर मुकेश ओर भूपेंद्र भेरा ने की। इस दौरान 53 लोगों ने रक्तदान कर कैंसर पीड़ितों की मदद के अभियान में आहुति डाली। शिविर के सभी रक्तदाताओं को अतिथियों द्वारा बैज लगाकर व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की टीम रक्त एकत्रित करने पहुंची। इस मौके पर डाक्टर सुनीता जनावा ने कहा की रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। उन्होंने स्वर्गीय सुरेश शर्मा को नमन करते हुए कहा कि मास्टर राजेश शर्मा ने चौथी बार अपने पिता की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाया है जोकी प्रेरणा स्त्रोत भी है। यह शिविर उनके आदर्शों को जीवंत रखने का एक प्रयास है। इस दौरान पहुंची डॉक्टर ऋचा नैन ने बताया कि सुरेश शर्मा की पुण्यतिथि पर स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन समाज को संदेश देता है। इस मौके पर राजेश शर्मा ने कहा कि उनके पिता की पुण्यतिथि पर चौथी बार रक्तदान शिविर आयोजित करने का महत्व युवाओं को समाजसेवा के भाव से जोड?ा है। उन्होंने कहा कि रक्त का दुनिया में कोई विकल्प नहीं है। मानव शरीर का रक्त ही दूसरों में खून की कमी को पूरा कर किसी का जीवन बचा सकता है। भूपेंद्र ग्रेवाल भैरा ने बताया कि रक्त का कोई ओर अन्य विकल्प नहीं है इसीलिए प्रत्येक युवा को चाहिए कि वे बढ़-चढकर रक्तदान करें तथा जरूरतमंदों की जान बचाने में सहयोग करें। इस अवसर पर बजरंग शर्मा, बलवान शर्मा, मुकेश सिहाग, ललित सिहाग, सचिन नैन भैरा, मनोज नैन भैरा, प्रवीण सिहाग, जसविंदर झूली आदि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सुरक्षा जांच के लिए लोहारू पुलिस ने अभियान चलाकर की वाहनों की जांच



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 10 मई।** भारत-पाक के बीच तनावपूर्ण स्थिति के दौरान देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोहारू पुलिस ने शनिवार को नगर के दादरी मोड, देवीलाल चौक पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों की जांच की गई तथा वाहन चालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की गहनता से जांच की तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी और उनकी अनुपालना करने के निर्देश दिए। इस दौरान करीब 30 से अधिक वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने जांच अभियान के दौरान बिना हेलमेट व बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी वहीं वाहन चालकों को निर्देश दिए कि यदि वे कहीं भी किसी प्रकार की संदिग्ध घटना या सामान को देखते है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। देश में मौजूदा स्थिति को देखते हुए देश के नागरिकों का दायित्व है कि वे देश व देशवासियों की सुरक्षा के लिए पुलिस का हरसंभव सहयोग करें। इस दौरान वाहनों में सामान की भी जांच की। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा जांच अभियान चलाया गया है तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है तथा उन्हें सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया है। उन्होंने कहा कि ब्लैक फिल्म चढ़े वाहनों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है ताकि अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाई जा सके। उन्होंने बताया कि कानून हाथ में लेने की किसी को परमिशन नहीं दी जाएगी इस प्रकार के लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## किसान के खेत से मोटर व केबल चोरी, मामला दर्ज

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 10 मई।** उपमंडल के गांव पहाड़ी में किसान के खेत से अज्ञात चोरों द्वारा ट्यूबवेल की मोटर व तार चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित किसान ने पुलिस में शिकायत देकर अज्ञात चोरों का सुराग लगाकर सख्त कार्रवाई व चोरी का सामान बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस में दी शिकायत में गांव पहाड़ी निवासी बलवान सिंह ने बताया कि वह खेती बाड़ी करता है तथा गांव के सेहर रोड पर उसका ट्यूबवेल है। गत रात्रि अज्ञात चोरों ने उसके खेत के ट्यूबवेल की मोटर व करीब 900 फुट केबल चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में सेमिनार 15 मई को

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आगामी 15 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर आयुर्टेक इनोवेशन इन आयुर्वेदिक टेक्नोलॉजी विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन आधुनिक तकनीक और पारंपरिक आयुर्वेद के समन्वय को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. बी वी. रमना रेड्डी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान बतौर मुख्य संरक्षक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि कुलसचिव प्रोफेसर ब्रिजेंद्र सिंह तोमर कार्यक्रम के संरक्षक होंगे। वहीं, हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) से डॉ. राहुल तनेजा और केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से डॉ.हेमंत पाणिग्रही एवं डॉ. बबीता यादव विशेषज्ञ वक्ता के रूप में अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन सचिव प्रो. राजा सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि ये सेमिनार तकनीकी नवाचारों को आयुर्वेद के क्षेत्र से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। इस विशेष अवसर पर 'आयुर्टेक मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता' भी आयोजित की जाएगी,जिसमें छात्र आयुर्वेद एवं तकनीकी नवाचारों पर आधारित मॉडल को प्रस्तुत करेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 3100 रुपए, द्वितीय को 2100 रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1100 रुपए की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। सेमिनार के संयोजक आयुर्वेद अनुसंधान एवं अध्ययन संस्थान के प्राचार्य प्रो.वैद्य देवेंद्र खुराना हैं,जबकि डॉ. प्रेरणा शर्मा एवं डॉ.जोरावर सिंह बूरा को सह समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह आयोजन न केवल छात्रों को प्रेरित करेगा, बल्कि आयुर्वेद में तकनीकी नवाचारों की संभावनाओं को भी सामने लाएगा।

## शराब पीते समय झगड़ा हो जाने पर अपने साथी की नुकीले हथियार से वार कर की हत्या

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**तोशाम, 10 मई।** तोशाम में जुई मार्ग पर स्थित आरा मशीनों पर कार्यरत मजदूर ने आपस मे शराब पीते समय झगड़ा हो जाने पर अपने साथी के सिर में नुकीले हथियार से वार कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। घटना को अंजाम देने वाला युवक वारदात में अंजाम देने वाले हथियार को लेकर मौके से फरार हो गया।

मध्यप्रदेश के सागर जिले के निवासी दिनेश, सोनू, अंकित व सतपाल आरा मशीनों पर काम करते हैं। चारों एक ही मकान में रहते थे। शनिवार दोपहर को अंकित व सतपाल खाना खाने के लिए बाहर चले गए। दिनेश व सोनू मकान में बैठकर शराब पीने लगे। शराब पीते समय दिनेश व सोनू आपस मे कहासुनी हो गई। जिसके बाद सोनू ने दिनेश के सिर में नुकीले हथियार से सिर में वार कर दिए। वार करने के बाद सोनू मौके से हथियार सहित फरार हो गया। अंकित व सतपाल ने बताया कि वे साथ मे रहते थे। वे दोपहर में खाना खाने चले गए। पीछे से सोनू व दिनेश में शराब पीते समय आपस मे उनकी कुछ कहासुनी हो गई। जिसमें सोनू ने घटना को अंजाम दे दिया। सोनू ने अपने ही साथी 35 वर्षीय दिनेश को मौत के घाट उतार दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस बारे थाना प्रभारी महाबीर ने बताया कि मृतक के साथी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले में तपदीश जारी है।

## एचएमएसआई ने 2025 CB650R और CBR650R को लॉन्च किया



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**करनाल, 10 मई।** भारत में प्रीमियम मोटरसाइक्लिंग के क्षेत्र को नए आयाम देते हुए होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने 2025 CB650R और CBR650R को लॉन्च किया है। ये मिडल-वेट 650Q मोटरसाइकिल भारत में होंडा की एडवांस्ड ई-क्लच टेक्नोलॉजी से लैस पहली बाइक हैं।

एचएमएसआई ने घोषणा की है कि सभी इ्रॅह्लल्लॅ डीलरशिप पर बुकिंग शुरू हो चुकी है, और मई 2025 के अंतिम सप्ताह से डिलीवरी की योजना है। CB650R की कीमत 9.60 लाख रुपये और CBR650R की कीमत 10.40 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) रखी गई है।

लॉन्च के अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और CEO, श्री त्सुत्सुमु ओटानी, ने कहाः

"होंडा का मिशन हमेशा राइडिंग को नए टेक्नोलॉजी इनोवेशन से और ज्यादा एडवांस, सेफ और एक्साइटिंग बनाना रहा है। उइ650फ और CBR650R में शामिल क्रांतिकारी ई-क्लच टेक्नोलॉजी इसी दिशा में एक बड़ा कदम है, जो राइडर्स को बेहतर कंट्रोल और कम्फर्ट देगा। हमें पूरा भरोसा है कि ये मॉडल परफॉर्मेंस और राइडिंग इनोवेशन के नए बेंचमार्क सेट करेंगे।"

होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया के डायरेक्टर - सेल्स एंड मार्केटिंग, श्री योगेश माथुर, ने इस लॉन्च पर कहाः

"हम इंडियन राइडर्स के लिए नई CB650R और CBR650R को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, अब ये क्रांतिकारी ई-क्लच टेक्नोलॉजी के साथ पेश की गई हैं। इनके स्टैंडर्ड वेरिएंट्स को पहले ही शानदार रिस्पॉन्स मिला था, और ई-क्लच एडिशन से ये एक्सपीरियंस और भी एडवांस होगा। ये मोटरसाइकिल्स परफॉर्मेंस, ईज और इनोवेशन का परफेक्ट बैलेंस ऑफर करती हैं।"

## केयू में 12 मई से नियमित परीक्षाएं होंगी शुरू

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार 12 मई से नियमित रूप से परीक्षाएं फिर से संचालित होंगी। यह जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि 12 मई से शुरू होने वाली परीक्षाएं नियमित रूप से पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार सुबह व सांय के सत्र में संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि 9 व 10 मई को स्थगित हुई परीक्षाओं का शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा।

# देश की एकता व अखंड़ता के लिए राष्ट्रीयता की भावना सर्वोपरि : डॉ. ममता सचदेवा

### केयू में 1857 की क्रांति की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित 1857 क्रांति संग्रहालय में शनिवार को 1857 की क्रांति में बलिदान देने वाले भारतीय वीर सपूतों, वीरांगनाओं व हरियाणा के वीर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि देश की एकता व अखंड़ता के लिए राष्ट्रीयता की भावना सर्वोपरि होनी चाहिए। 1857 की क्रांति ने हमें यह सिखाया कि यदि राष्ट्रहित में एकजुट हों तो कोई भी ताकत हमें दबा नहीं सकती। विश्वविद्यालय में 1857 की क्रांति का संग्रहालय नई पीढ़ी को अपने इतिहास से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने वीर शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आजादी का यह सफर लाखों वीरों की कुबार्नी से ही संभव हो पाया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने कहा हमारा कर्तव्य है कि हम अपने शहीदों के बलिदान को केवल याद न करें, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। विश्वविद्यालय द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन युवाओं में देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करता है। संग्रहालय के क्यूरेटर डॉ. कुलदीप सिंह आर्य ने बताया कि 10 मई 1857 को शुरू हुई यह क्रांति भारतीय इतिहास का एक निर्णायक मोड़ थी, जिसमें हरियाणा के वीरों ने भी अंग्रेजों के खिलाफ साहसपूर्वक संघर्ष किया। इसी गौरवशाली इतिहास को संजोने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में यह संग्रहालय स्थापित किया गया है। इस अवसर पर हरियाणा संग्रहालय की गवर्निंग बॉडी की चेयरपर्सन प्रो. नीलम ढांडा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गुप्ता, महिला चीफ वार्डन डॉ. कुसुम लता, रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ. रमेश ढांडा, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. सलोनी पवन दीवान, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. कुलदीप सिंह आर्य व सुरेंद्र ने भी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# आवश्यक वस्तुओं की काला बाजारी करने वालो पर होगी सख्त कार्रवाई

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** कुरुक्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को अब 24 घंटे सेवाएं देने का समय आ गया है। इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी 24 घंटे एक्टिव मोड में रहेंगे ताकि किसी भी आपदा के समय में लोगों को राहत उपलब्ध करवाई जा सके। इस जिले में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार सभी अधिकारियों को हाई अलर्ट मोड में रहने के आदेश जारी कर दिए गए है। उपायुक्त नेहा सिंह शनिवार को लघु सचिवालय के सभागार में आपदा प्रबंधन कार्यों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उपायुक्तों को जिले में बिजली कट, बहुमंजिली ईमारतों में आपदा से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाए, जिले में खादय पदार्थों के उपलब्धता बारे विशेष फोकस रखा जाए और कोई भी दुकानदार या व्यापारी खादय पदार्थों को स्टोर ना करे और ऊंचे दामों पर खादय पदार्थ ना बेचे, इस विषय पर उपायुक्त विशेष ध्यान देंगे। अगर कोई दुकानदार या व्यापारी कालाबाजारी करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी आदेश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं, दवाइयों के साथ-साथ हर कस्बे में एंबुलेंस की व्यवस्था करने और स्वास्थ्य सेवाओं को होटलाइन से जोड़ने के प्रबंध किए जाए। उपायुक्त ने कहा कि कुरुक्षेत्र में लघु सचिवालय व ब्रह्मसरोवर पर सायरन की व्यवस्था कर दी गई है। इसके अलावा पंचायत विभाग की तरफ से गांव में सायरन के प्रबंध कर दिए गए है। इस जिले में एसडीएम और मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों को अपने-अपने वाहनों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाना होगा।

सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में फील्ड में रहकर आम नागरिकों के साथ-साथ सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के सम्पर्क में रहना होगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम पंकज सेतिया, एसडीएम कपिल शर्मा, एसडीएम डा.चिनार चहल, डीएमसी सतेन्द्र सिवाच, डीएफएससी सुरेन्द्र सैनी सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

**उपमंडल स्तर पर कन्ट्रोल रूम बनाने के दिए निर्देश**

उपायुक्त नेहा सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि हर उपमंडल में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाए और इस कन्ट्रोल रूम में टेलिफोन भी लगाया जाए और इस टेलिफोन नंबर पर कोई भी व्यक्ति 24 घंटे सम्पर्क कर सके।

**झूठी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई**

पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने कहा कि सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर झूठी अफवाह, समाचार और फेक वीडियों वायरल करने वालों पर पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष नजर रखी जा रही है, जो भी व्यक्ति अफवाह फैला कर पैनिक पैदा करने का प्रयास करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बरसात से तापमान में आई गिरावट, आमजन को मिली गर्मी से राहत

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** शनिवार दोपहर हुई बरसात से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। बारिश होने पर गर्मी झेल रहे लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं बारिश से मौसम सुहाना रहा। लोग सुहाने मौसम का आनंद लेने बच्चों सहित पार्कों में पहुंचने लगे। बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। शनिवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार सुबह निकली तेज धूप के कारण लोग गर्मी से बेहाल थे लेकिन गर्मी से बेहाल लोगों को शनिवार दोपहर बाद हलकी बारिश ने थोड़ी राहत पहुंचा दी है। बरसात होने से जहां गांव व शहर की निचली कई कालोनियों में कीचड़ जमा हो गया है।

लोगों को आने जाने में परेशानी हुई। कई जगह सड़कों पर पानी निकासी न होने के कारण पानी खड़ा हो गया। बारिश से शहर भर की सड़कों पर जगह-जगह पानी भर गया। हालांकि बारिश एक घंटा हुई। दोपहर हुई बारिश में स्कूली बच्चों को खासी परेशानी हुई। बच्चों को भीगकर घर पहुंचना पड़ा। बारिश के कारण बच्चों के साथ-साथ बच्चों को स्कूल में लेने गए अभिभावकों को भी परेशानी हुई।

# देश के लिए किसान व जवान होते हैं महत्वपूर्ण : श्याम सिंह राणा

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा तीन दिवसीय कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**


**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसी भी देश के लिए किसान व जवान सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। युद्ध कितना भी लंबा चले खेती कम नहीं होनी चाहिए। इस समय देश में अन्न भंडार भरे हुए हैं। किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं है। किसानों द्वारा खेती को राष्ट्र के लिए करनी होगी। ऐसा सोचकर किसान यदि कृषि के क्षेत्र में आए तो राष्ट्र की तरक्की होगी। जो व्यक्ति जिस रास्ते पर चलेगा वो उसी राह पर चलते हुए विकास करवाकर विकसित भारत में सहयोग करेगा। वैश्विक तरीके से खेती करने से अर्थव्यवस्था में सुधार होगा।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सभागार में नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने ने कहा कि जहां हम बैठे हैं ये कुरुक्षेत्र है। यहां पर सृष्टि के लिए सबसे पहले खेती का क्षेत्र ब्रह्माजी ने तय किया था। यहीं से दूसरे क्षेत्र के लोगों को खेती करनी की सीख मिली थी। भारत कृषि प्रधान देश है। पूरी दुनिया से यदि 100 एकड़ का चयन करें तो सबसे अच्छी भूमि हमारे देश की मिलेगी। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि खेती तीन प्रकार की होती है। इसमें रासायनिक खेती, आग्रेनिक खेती और प्राकृतिक खेती शामिल है। हमने प्राकृतिक खेती की तरफ बढना है। इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए अपनी-अपनी योजनाएं बनाकर लागू की हुई हैं। उन्होंने कहा कि किसान की आमदनी बढ़ाई जाए, खर्च कम किया जाए। पानी का कम प्रयोग हो। समय कम लगे और पैसा बने। इसके लिए सरकार ने प्रति एकड़ की खेती के लिए प्रति देशी गाय पर सब्सिडी दी जा रही है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने एक लाख एकड़ का लक्ष्य तय किया है। सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी है। इस मौके पर एमएसपी कमेटी के सदस्य विनोद आनंद, प्रो. रमेश सिहमार, विशाल वर्धन, रणधीर सिंह, गुरनाम सिंह चढ़ूनी, राहुल ढींगडा, राजकुमार सैनी, पद्मश्री भारत भूषण त्यागी, रविन्द्र सांगवान, रमेश सिंह, कर्मचंद सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



# कुवि के एनसीसी कैडेट्स ने प्रशिक्षण शिविर में जीती ट्रॉफी व 64 पदक

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**





**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आईआईएचएस के एन.सी.सी. कैडेट्स के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, निवारसी, कुरुक्षेत्र में 1 से 10 मई तक दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस समग्र शिविर में आईआईएचएस के एन.सी.सी. कैडेट्स ने 64 पदक एवं 1 ट्रॉफी प्राप्त कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा अपने संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एक ऐसा संगठन है जो देश के युवाओं को अनुशासित और देशभक्त नागरिकों में संवारने में लगे हुए हैं। इस उपलब्धि के लिए कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल व आईआईएचएस की प्राचार्या प्रोफेसर रीटा, सी.टी. ओ डॉ ऋतु सैनी ने भी प्रसन्नता व्यक्त की व सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी। प्रशिक्षण शिविर में आयोजित प्रतियोगिताओं में कैडेट मनु व कौशल ने अपने अद्वितीय कौशल के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रस्तुत किया। चित्रकला प्रतियोगिता में कैडेट तमन्ना, नेहा, करण और राजू ने अपनी सृजनात्मकता द्वारा सभी को प्रभावित किया। सोलो डांस प्रतियोगिता में सुकृति एवं कुलदीप ने मंच पर अपनी भाव-भंगिमा और लयबद्धता से दर्शकों का मन मोह लिया। गायन प्रस्तुति में कैडेट कौशल ने अपनी मधुर वाणी एवं भावनात्मक अभिव्यक्ति से सभी को हर्षित कर दिया, वहीं दूसरी ओर ग्रुप डांस में भी सभी प्रतिभागियों ने धूम मचा दी। रस्सा-कस्सी एवं खो-खो, हथियार संचालन प्रतियोगिता में कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# माँ-बाप की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा : अंकित गुप्ता

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** आल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानव अधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने मातृ दिवस के अवसर पर आयोजित वेबिनार में विशेष संबोधन देते हुए कहा कि माँ-बाप की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। यह केवल एक भावनात्मक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संवैधानिक और कानूनी कर्तव्य भी है। वेबिनार का विषय था मातृत्वः कर्तव्य, अधिकार और कानूनी संरक्षण, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। एडवोकेट गुप्ता ने कहा कि माता-पिता अपने संतान से भरण-पोषण पाने के लिए कानूनी रूप से हकदार हैं, यदि वे स्वयं समर्थ नहीं हैं। इसी तरह सीनियर सिटीजन एक्ट के तहत बच्चों का कर्तव्य है कि वे अपने माता-पिता की देखभाल करें। उल्लंघन की स्थिति में सजा का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि संविधान का अनुच्छेद 21 भी गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार प्रदान करता है जिसमें वृद्धजनों की देखभाल और सम्मान भी शामिल है। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के अनुसार यदि किसी वृद्ध माँ को उपेक्षा या प्रताड़ना का सामना करना पड़े, तो उन्हें इस कानून के अंतर्गत संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने जोर देकर कहा कि "मातृ दिवस केवल फूल देने का नहीं, कर्तव्य निभाने का दिन है। हम जब तक माँ-बाप के त्याग को नहीं समझेंगे, तब तक हम अपने अधिकारों की बात करने के लायक नहीं हैं। वेबिनार के अंत में उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे माँ-बाप की सेवा को जीवन का मूल धर्म समझें और समाज में ऐसे वातावरण का निर्माण करें जिसमें बुजुर्ग माता-पिता को सम्मान और सुरक्षा मिले।

# भारतीय सेना ने हर बार की माताओं की कोख की रक्षा : हर्षदीप डुडेजा

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**



**भिवानी, 10 मई।** पार्षद प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षदीप डुडेजा ने जारी ब्यान में कहा कि भारत, भारतीयों और भारतीय सेना ने कभी भी अपने देश में किसी भी प्रकार के आतंकवाद और अलगाववाद को बर्दाश्त नहीं किया और ना ही कभी करेंगे। हर्षदीप डुडेजा ने कहा कि देश के वीर सैनिकों ने हर बार माताओं की कोख, बहनों की कलाई और उनके माथे के सिंदूर की रक्ष की है। उन्होंने कहा कि हम सत्य, अहिंसा और शांति को मानने वाले लोग है। हम भारतीय कभी गलत नहीं करे, लेकिन अगर कोई हमारे साथ गलत करता है तो फिर हम सहते नहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति रखती है तथा देश मे आतंकवाद को पोसने वालों, देश की एकता व अखंडता व सुप्रभता पर प्रहार करने वालों का मुंहतोड़ जबाद देना भी जानते है। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के समक्ष संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को कल्पना से भी परे सजा दी जाएगी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवादी ठिकानों पर किए जा रहे हमले उसी संकल्प को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश मजबूत, सशक्त व सुरक्षित है तथा आतंकवाद के खिलाफ चलाया गया ऑप्रेशन स्पष्ट चेतावनी है कि भारत देश ने अब सहनशक्ति की सभी हदें पार कर दी है तथा अब भारत आकतंवाद को पूरी तरह से खत्म करके ही दम लेगा। डुडेजा ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में 140 करोड़ भारतवासी सरकार व भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है तथा आतंकवाद के खिलाफ पूरी तरह से एकजुट है। उन्होंने कहा कि हमे हमारी सेना पर अत्यंत गर्व है और हमारे बहादुर जवानों और अखंडता को सुरक्षित है, भगवान उनकी रक्षा करे और उन्हे धैर्य और वीरता से चुनौतियों का सामना करने की अपार हिम्मत दे।

# कैंप में 32 रोगियों की जांच कर परामर्श दिया

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**बहल, 10 मई।** विश्व मातृ दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क नशा मुक्त मेडिसन कैंप में 32 रोगियों की जांच कर परामर्श दिया गया। यह जानकारी देते हुए केंद्र की संचालिका बीके शंकुतला ने बताया कि नशा मुक्ति मेडिसन कैंप रविवार को भी जारी रहेगा। स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र के सौजन्य से कैंपों का आयोजित किया जा रहा है। नशा मुक्ति मेडिसिन कैंप का शुभारंभ व उद्घाटन मुख्यातिथि जय भगवान उप पुलिस अधीक्षक, सिवानी करेंगे व विशिष्ट अतिथि के तौर पर कस्बे के सरपंच साधुराम पनिहार होंगे। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति मेडिसन कैंप में बीके डा.रामकुमार, पानीपत 10 और 11 मई को सुबह 11 से बाद दोपहर 1 बजे प्रतिदिन अपनी सेवाएं देंगे।

# सामाजिक समरसता की रीढ थे भगत धन्नाजी: सुनीता दुग्गल

## भगत धन्नाजी के जीवन पर लिखी पुस्तक का हुआ विमोचन

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 10 मई।** सिरसा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि भगत धन्नाजी भारत में सामाजिक समरसता की रीढ थे जिनकी शिक्षाएं पाकर भारतीयों को धार्मिक व आध्यात्मिक राह पर आगे बढ? का अवसर मिला है।

वे शनिवार को भगत धन्नाजी ट्रस्ट के बैनर तले जाट धर्मशाला में उनके जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि भारत सदैव ऋषि, मुनियों, पीर, पैगंबरों का देश रहा है और उनकी शिक्षाओं ने सदैव भारतीयों में संस्कारों की बेल को पोषित किया है, जो प्रत्येक भारतीयों में नजर आती है। इससे पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के अलावा नगरपरिषद सिरसा के चेयरमैन वीरशांतिस्वरूप भट्टी, युवा नेता कर्ण प्रताप सिंह बेदी, ट्रस्ट की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रीटा कासनिया, ट्रस्ट के अध्यक्ष अमरीक सिंह राही, संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा, वरिष्ठ पदाधिकारी महेंद्र घणघस व हनुमान गोदारा ने संयुक्त रूप से भगत धन्नाजी पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया। इसका उद्देश्य था कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग भगत धन्नाजी के जीवन को जानकर उनसे प्रेरणा ले सकें।



ट्रस्ट के अध्यक्ष अमरीक सिंह राही ने जहां आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया वहीं संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने ट्रस्ट की ओर से भविष्य में की जाने वाली कार्य गतिविधियों के सिलसिले में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मंच संचालन वरिष्ठ पदाधिकारी महेंद्र घणघस व अंग्रेज सिंह औलख ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रीटा कासनिया ने अपने गांव में भगत धन्नाजी के मंदिर और गुरुद्वारा साहिब बनाने के लिए भूमि देने की घोषणा की जिसे सभी ने सराहा। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि इस भूमि पर मंदिर व गुरुद्वारा एक साथ बनेगा। कार्यक्रम में रामकिशन खोथ, इंद्रपाल कसवां, शिंगारा सिंह, राजीव बागड़ी, मुकेश लाखलान, विनोद सहारण, गुरभेज सिंह ढिल्लों, कमलदीप शर्मा आदि मौजूद थे।

# आध्यात्मिक केन्द्रों का विकास आवश्यक : सिद्धार्थ औलिया

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोआर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने कहा कि संतत्व की यात्रा पर चलने वाले साधक अगर दो सुनहरी सूत्र जीवन में उतार लें, तो सभी के जीवन में संतत्व घटित हो जाता है। पहला, गुरु कही करना अर्थात साधना में 100 फीसदी सचेतन प्रयास और दूसरा गुरु सेवा अर्थात- गुरु के हाथ-पांव बन जाना। गुरु के कार्य को अपना आनंद बना लेना। उन्होंने मातृभूमि भारत के लिए शहीद होने सैनिकों के प्रति प्रार्थना की और भक्तिपूर्ण सत्संग और भगवान के नाम का संकीर्तन किया। इस दौरान उन्होंने शिवशक्ति आश्रम के मुख्य संचालिका मां अन्नपूर्णा, महंत राघवेंद्र दास, मां योगेश बिमला, अंकुर सिंह और वृंदा सिंह के साथ भारत के आदि सनातन धर्म पर विशेष चर्चा भी की। उन्होंने बताया कि समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जनमानस और साधकों के कल्याण हेतु महत्वपूर्ण अमूल्य सूत्र बताते है। सनातन धर्म की पुनः स्थापना के लिए शक्तिशाली एवं समृद्ध हिन्दू राष्ट्र की स्थापना, जाति मुक्त समाज की स्थापना, सामुदायिक व सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक केन्द्रों का विकास आवश्यक है। उधर, समर्थगुरु धारा संस्थान मुरथल के मुख्य संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने जनमानस के कल्याण हेतु ट्विटर के माध्यम द्वारा बताया कि जब तक युद्ध की स्थिति बनी हुई है, तब तक अपनी सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक माला पहन कर रहें, प्रतिदिन एक बार दैनिक प्रार्थना करें, आनलाइन साप्ताहिक दरबार अवश्य करें, सूफी दरबार में बताई विधि से प्रतिदिन रात सोते समय स्वयं को, परिवार को तथा घर को सुरिक्षत करें और अधिक से अधिक मंगल भाव में रहें।

# सिरसा में गिरी मिसाइल, नुकसान नहीं, रात को हुए धमाकों से लोगों में हड़कंप

## वायुसेना अधिकारियों ने मिसाइलों के पाट्र्स लिए कब्जे में। प्रशासन बोला, हिदायतों का पालन करें

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 10 मई।** पहलगाम में निर्दोष भारतीयों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनावपूर्ण माहौल के बीच बीते शुक्रवार की रात करीब सवा 12 बजे पाकिस्तान की ओर से सिरसा जिले के दो विभिन्न स्थानों पर मिसाइलें दागी गई जिन्हें भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम बना दिया। इस हमले को नाकाम बनाने के बाद इन मिसाइलों के पाट्र्स रानियां रोड स्थित खाजाखेड़ा के पास तथा दूसरी मिसाइल के टुकड़े फिरोजाबाद चकसाहिबा के समीप मिले। इन टुकड़ों को भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने शनिवार को सुबह अपने कब्जे में ले लिया।





भारत पाक की ओर से एक दूसरे पर वार पलटवार के बीच पाकिस्तान ने बीते शुक्रवार को जम्मू से लेकर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व गुजरात के महत्वपूर्ण सैनिक ठिकानों के साथ-साथ महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों को भी निशाने बनाने के लिए ड्रोन एवं मिसाइलों को दागा जिन्हें भारतीय वायुसेना की ओर से लगाए गए एयर डिफेंस सिस्टम ने पूरी तरह से मटियामेट कर दिया। यही कारण रहा कि सिरसा में भी इन मिसाइलों को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने बीच रास्ते में ही हिट कर दिया। माना जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब भारत ने पाक स्थित आतंकी ठिकानों को तबाह करना आरंभ कर दिया है, तभी से पाकिस्तान ने बौखलाहट में भारत के उत्तरी स्थानों को निशाने पर लेकर मिसाइलें व ड्रोन से हमले किए जा रहे हैं। सिरसा में बीते शुक्रवार को गिराई गई मिसाइल के चलते अब सिरसा में एयरफोर्स एवं पुलिसबल की एक्टिविटी बढ़ गई है। सिरसा में दो जगहों पर रानियां चुंगी खाजाखेड़ा और फिरोजाबाद चकसाहिबा में डैमेज की गई मिसाइल के टुकड़े मिले हैं। फिरोजाबाद चकसाहिबा में गुरुद्वारे के पास मिसाइल नुमा पार्ट मिलने की सूचना पर शनिवार सुबह ही लोगों की भीड़ जुटी। सूचना पर एयरफोर्स टीम मौके पर पहुंची और दोनों मलबों को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद इस टुकड़े को अपने साथ ले गई। हालांकि एयरफोर्स अधिकारी इस पर कुछ भी खुलकर नहीं बोल रहे हैं। प्रशासन के अनुसार दोनों जगह से मलबा उठाकर कब्जे में ले लिया गया है और इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल पाकिस्तान के हमले को देखते हुए सिरसा से लेकर हिसार में अलर्ट जारी कर दिया है। प्रशासन की टीम सतर्क है और रातभर ब्लैक आउट की स्थिति रही। इमरजेंसी से भी निपटने के लिए अन्य पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# बाल योगी महंत दिवाली नाथ की 9 धुणी खड़ेश्वर तपस्या आज से

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**बहल, 10 मई।** सर्व समाज व 36 बिरादरी भाईचारे के कल्याण को समर्पित दादा गोसाई धाम बिधनोई के बाल योगी महंत दिवाली नाथ की 9 धुणी खड़ेश्वर तपस्या आगामी 11 मई से प्रारंभ होगी। खड़ेश्वरी तपस्या 51 दिन तथा अग्नि तपस्या अपराहन 11.15 बजे से बाद दोपहर 2:15 बजे तक प्रतिदिन 3 घंटे कठिन महंत तपस्या में लीन रहेंगे। जो 41 दिनी रहेगी। तपस्या के संपूर्ण होने पर हवन व भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक जय भगवान ने कार्यभार संभाला

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**बहल, 10 मई।** बहल थाना प्रभारी का तबादला हो जाने के बाद नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक जय भगवान ने शनिवार को कार्यभार संभाल लिया है और निवर्तमान प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने कार्यभार उसको संभला दिया है। निरीक्षण राधेश्याम शर्मा का भिवानी तबादला किया गया है। कर की भार संभालने के बाद नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रहेगी की अपराध व अपराधी पर पूर्णता अंकुश लगाकर क्षेत्र में अमन शांति कायम रखना प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पुलिस जांच अधिकारियों की बैठक कर थाना क्षेत्र की स्थिति व पुलिस नाकों सीमा क्षेत्र की भोगोलिक प्रस्थितियों की जानकारी हासिल की। थाना प्रभारी ने पहला कस्बे की जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस जांच अधिकारियों व राइडर्स को निर्देश दिए। पुलिस पब्लिक कमेटियों को प्रभावी बनाने और वर्तमान परिस्थितियों से निपटने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने की अपील भी की।

# ज्याणी बने जजपा जिला प्रेस प्रवक्ता



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 10 मई।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा, प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला, पूर्व विधायक नैना सिंह चौटाला व जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने गहन विमर्श के बाद पार्टी में प्रवक्ता के तौर पर अपना दायित्व निभाते आ रहे अमर सिंह ज्याणी को पुनः प्रवक्ता का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

पार्टी प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने अपनी नियुक्ति पर शनिवार को चौटाला हाउस पहुंचकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला का आभार जताया।

इस अवसर पर डॉ. अजय चौटाला ने प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। डॉ. चौटाला ने आशा व्यक्त की है कि पार्टी के प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने सदैव पार्टी की कल्याणकारी नीतियों और कार्यों को मीडिया में बेहतर तरीके से प्रचारित किया और उसी के परिणामस्वरूप पार्टी की पूरे जिले में एक लोकप्रिय राजनीतिक व सामाजिक संगठन के रूप में छवि बनी। वहीं नवनियुक्त पार्टी के जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि वे पार्टी और मीडिया के बीच एक मजबूत सेतु की भांति कार्य करेंगे और पार्टी की कल्याणकारी नीतियों को प्रचारित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर जेजेपी के वरिष्ठ नेता राधेश्याम शर्मा, जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी हरिसिंह भारी, सुखमंदर सिहाग, अनिल कासनिया, शगनजीत सिंह गिल, कुलदीप जांगू, शारदा सिहाग, पूजा महला, कादर खान, अकबर खान आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सीबीएलयू के विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

## एनएसयूआई नई शिक्षा नीति को विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ बताते हुए कही नारेबाजी

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 10 मई।** एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान के नेतृत्व में एनएसयूआई पदाधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने स्थानी चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति के नाम मांगपत्र सौंपते हुए विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने आरोप लगाए कि चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति व कुलसचिव ने महिला होने के बावजूद भी छात्राओं के हित में आज तक कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की कुल संख्या में करीबन 70 प्रतिशत छात्राएं है, लेकिन इसके बावजूद भी इनके लिए आने-जाने के लिए किसी साधन की सुविधा नहीं है तथा ना ही दूर से आने वाली छात्राओं के रहने के लिए कोई छात्रा हॉस्टल की सुविधा। जिसके चलते छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान नई शिक्षा नीति का भी जमकर विरोध किया तथा इसे विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ बताया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने कहा कि मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक स्नातक व स्नातकोत्तर के अधिकत्तम विद्यार्थियों का दिसंबर-2024 का परीक्षा परिणाम जारी किया जाए, विभिन्न परीक्षा परिणामों की त्रुटियों को दूर किया जाए, स्पेशल चांस देकर करवाई गई 40 विद्यार्थियों की परीक्षाओं का परिणाम जारी किया जाए, वर्ष में दो बार की बजाए एक बार ही परीक्षाएं करवाए जाने सहित अन्य मांगें उठाई है, ताकि विद्यार्थियों के हितों से खिलवाड़ बंद हो।



लांग्यान ने कहा कि जिन विद्यार्थियों का दाखिला एससी, डीएससी, बीसी व गरीबी रेखा को देखते हुए जीरो फीस के माध्यम से पीजी में लिया गया था लेकिन अब इन्हे फीस भरने के लिए मानसिक तनाव दिया जा रहा है, जो कि विद्यार्थियों के साथ धोखा है। लांग्यान ने कहा कि उन्होंने विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की गुहार सीबीएलयू प्रशासन के समक्ष लगाई है, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान करने की बजाए उन्हे बेईज्जत कर भगा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के प्रति सीबीएलयू प्रशासन की यह लापरवाही विद्यार्थियों में अपने भविष्य के प्रति डर का माहौल पैदा कर रही है। ऐसे में वे मांग करते है कि जल्द से जल्द विद्यार्थियों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए, ताकि नहीं तो एनएसयूआई बड़ा प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगी।

संपादक की कलम से

# पाकिस्तान को माकूल जवाब

मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने बेहद पेशेवराना अंदाज में पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकियों के 9 ठिकानों को उड़ाकर रख दिया। बड़ी संख्या में दहशतगर्दों को मौत की नींद सुलाने वाले 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये उन निदोर्षों को न्याय दिया गया जो कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा की गयी अंधाधुंध फायरिंग में मारे गये थे। उस कायराना और अमानवीय आतंकी कार्रवाई में कई सुहाग उजड़े थे। सम्भवतः इसीलिये इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम दिया गया। सेना ने यह कार्रवाई बुधवार तड़के में और बुधवार शाम को ही युद्धाभ्यास के रूप में भारत 244 जिलों में अपने नागरिकों को बचाने के लिये सामूहिक मॉक ड्रिल करने जा रहा था। बुधवार की शाम को यह सफलतापूर्वक किया भी गया।

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने इस पूरे ऑपरेशन का विवरण देते हुए सुबह दिल्ली में बुलाई एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पड़ोसी मुल्क के किसी भी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया और तब तक किसी भी नागरिक के मारे जाने की खबर नहीं थी। हालांकि आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 लोगों के मारे जाने की खबर खुद मसूद अजहर के हवाले से ही आई है। वहां से कुछ आम नागरिकों के घायल होने की अपुष्ट खबरें भी हैं जो वायरल वीडियो के जरिये पहुंची हैं। इस जवाबी हमले के बाद पाकिस्तानी सेना द्वारा सीमा से सटे पूंछ इलाके में फायरिंग किये जाने के समाचार मिले हैं जिनमें 10 भारतीयों के मारे जाने तथा कुछ लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है।

भारतीय सेना के तीनों अंगों की यह संयुक्त कार्रवाई इसलिये काबिले-तारीफ है कि इससे विश्व बिरादरी को कहीं भी शिकायत या आपत्ति दर्ज करने का मौका नहीं मिला है। पाकिस्तान के पास भी इसलिये कहने को कुछ भी नहीं रह जाता क्योंकि जिन ठिकानों को हमलों के जरिये नेस्तनाबूद किया गया वे सटीक जानकारी के आधार पर उड़ाये गये हैं और यह पहले से साबित हो चुका था कि उन ठिकानों से चरमपंथी भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देते रहे हैं। पहलगाम घटना का सबक भारतीय सेना ने आतंकियों को अच्छी तरह से सिखा दिया। पाकिस्तान के पास भी विरोध के नाम पर कुछ कहने को रह नहीं जाता इसलिये अब वहां से सुलह और शांति की बातें सेना की ओर से आ रही हैं। पाकिस्तानी सेना के अफसर जानते हैं कि पहलगाम घटना के बाद विश्व सहानुभूति भारत के साथ है। दूसरे, इस वक्त उसकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह इस घटना को बड़ी लड़ाई में तब्दील करने का दुस्साहस करे। यदि वह ऐसा करता है तो यह उसकी वैसी ही भूल होगी जो वह 1999 में कारगिल तथा उसके पहले तीन बार पूर्ण युद्ध छेड़कर कर चुका है। हर बार उसे मुंह की खानी पड़ी।

बेशक, हर बार की ही तरह इस वक्त भी भारत का ही पलड़ा भारी है लेकिन उसे भी युद्ध से बचना होगा। इस कार्रवाई से देश के अंदर आतंकियों के खिलाफ जो असंतोष व नाराजगी बनी थी, उसे मिटाने में सरकार को काफी हद तक सफलता मिल गयी है। जो चीन लड़ाई की स्थिति में पाकिस्तान के साथ खड़ा होने की बात कर रहा था, उसके पास भी कोई कारण और अवसर नहीं रह जाता कि वह पाक को समर प्रांगण में ढकेले। पाकिस्तान से भी इसी आशय के संकेत मिल रहे हैं कि चीन का साथ मिलने के बावजूद पाकिस्तान युद्ध से बचेगा। दूसरे, अगर वह लड़ाई छेड़ता है तो माना जायेगा कि वह आतंकवादियों का इस हद तक समर्थन करता है कि उसके लिये लड़ाई तक छेड़ सकता है। पहले भी उस पर दहशतगर्दों को पनाह देने और अपनी धरती का इस्तेमाल करने देने के आरोप लगते रहे हैं। उसे इस मामले में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी आलोचना झेलनी पड़ी है, परन्तु पाकिस्तान अक्सर यह कहकर खुद को बचा लेता है कि वह स्वयं आतंकवाद से पीड़ित है। हालांकि उसकी बातों में आंशिक सच्चाई तो है कि पाकिस्तान में भी ये आतंकवादी कार्रवाइयां करने से बाज नहीं आते, जिनमें उसके अपने नागरिक अक्सर मारे जाते हैं। फिर भी उसे आतंकवाद को प्रश्रय और सहायता देने के आरोपों से पूरी तरह मुक्त नहीं किया जा सकता क्योंकि आतंकियों के सफाये के लिये वह उस संजीदगी व सघनता से काम नहीं करता, जैसा कि अपेक्षित है। पाकिस्तान के कट्टरपंथी धार्मिक व राजनीतिक नेताओं, सेना एवं आईएसआई की मिलीभगत से ऐसा होता है- इससे भी सहमत हुआ जा सकता है।

## मातृ भूमि का कर्ज

मातृभूमि पर आज विपदा आई है,
कर्ज चुकाने की घड़ी जो आई है,
उठो नौजवानों सेना से कंधे से कंधा मिलाओ,
बढ़ते चलो आगे मातृभूमि की रक्षा के गीत गाओ,
हर हाल में दुश्मन को मार गिराना है,
तुझे मातृ भूमि का कर्ज चुकाना है।
दुश्मन की हर हरकत का मुंह तोड़ जवाब देंगे,
मातृभूमि की मिट्टी का तिलक लगा लेंगे,
भारत मां को अब तेरी जरूरत है,
तेरे में उस लाडले की मूरत है,
देनी पड़े भले जान नहीं घबराना है,
तुझे मातृ भूमि का कर्ज चुकाना है।
दुश्मनों ने मां का दिल बहुत दुखाया,
मारे मासूम आंखों में आंसू भर आया,
बिना कर्ज चुकाए चैन से न सोना,
तोड़ दुश्मन के ठिकाने बुरी तरह से धोना,
मां के लाडले सबको बताना है,
तुझे मातृ भूमि का कर्ज चुकाना है।
मातृभूमि अब तेरा रक्त मांगती है,
सुरक्षा में तेरा हिस्सा पहचानती है,
उसे विश्वास है तू आगे आएगा,
तेरे बुलंद हौसले से दुश्मन भाग जाएगा,
चुन -चुन कर दुश्मनों को दफनाना है,
तुझे मातृ भूमि का कर्ज चुकाना है।
जिस पथ पर वीर चले,
वे रास्ते नेक भले,
तिरंगे की शान में अब जय भारत की बोल,
मौका है चुका दे आज कर्ज का मोल,
देश की खातिर देनी पड़े भले ही जान,
हंस- हंस कर दे देना करे भारतवासी मान,
जंग में आज लोहा मनवाना है,
तुझे मातृ भूमि का कर्ज चुकाना है।



– डॉ. विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।

# मां धरती पर विधाता की प्रतिनिधि यानी देवतुल्य है

-ललित गर्ग-



मदर्स डे या मातृ दिवस एक ऐसा महत्वपूर्ण एवं संवेदनात्मक दिन है जो हमें अपनी माताओं के प्यार और बलिदान के लिए धन्यवाद देने और उन्हें सम्मान देने का अवसर देता है। जननी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का तथा मातृशक्ति की अभिवंदना का यह एक स्वर्णिम अवसर है। माँ की महिमा को उजागर करने का ऐतिहासिक दिन है। सेवा और समर्पण की साक्षात प्रतिमूर्ति मातृ-शक्ति ने केवल अपनी संतान को ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को सृजनात्मक एवं रचनात्मक दिशाएँ दी हैं। अपने त्याग और बलिदान से परिवार, समाज और राष्ट्र की अस्मिता को बचाने का हर संभव प्रयत्न किया है। यहाँ तक कि परिवार संस्था की आधारभित्ति भी मातृ-शक्ति के इर्द-गिर्द ही टिकी हुई है। माँ एक चलता-फिरता चमत्कार है। माँ के प्रभाव से अधिक शक्तिशाली कोई प्रभाव नहीं है।

मातृ दिवस मनाने की अनेक विचारधाराएं एवं मान्यताएं हैं। विश्व के विभिन्न भागों में यह अलग-अलग दिन मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। 16वीं सदी में इंग्लैण्ड का ईसाई समुदाय ईशु की माँ मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए यह त्योहार मनाने लगा। इस दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने 8 मई, 1914 को लिया। कुछ लोगों का मानना है कि मदर्स डे कि शुरूआत एक अमेरिकन एक्टिविस्ट एना जार्विस से होती है। एना जार्विस को अपनी माँ से खास लगाव था। माँ के गुजर जाने के बाद एना ने माँ से प्यार जताने के लिए मदर्स डे की शुरूआत की। तब से हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। माँ का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि माँ अपने बच्चे की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ लेती है। एक मां का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, एक मां के बिना ये दुनियां अधूरी है। मदर्स डे सामान्य रूप से माताओं, मातृत्व और मातृ संबंधों को मान्यता देता है, साथ ही उनके परिवारों और समाज में उनके सकारात्मक योगदान को भी दशार्ता है।

मदर्स डे, उन उल्लेखनीय महिलाओं का सम्मान करने का एक हार्दिक उत्सव है जो हमारे जीवन को प्यार, ज्ञान और असीम शक्ति से भर देती हैं। माँ का प्यार किसी भी ताजे फूल से अधिक सुंदर है। एक माँ की खुशी एक प्रकाश स्तंभ की तरह होती है, एक प्रकाशगृह यानी लाइट हाउस, जो भविष्य को रोशन करती है लेकिन प्यारी यादों के रूप में अतीत पर भी प्रतिबिंबित होती है। एक माँ शक्ति और गरिमा से सुसज्जित होती है, भविष्य के बारे में बिना किसी डर के हँसती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो मेरे जीवन का एकमात्र ऐसा दिन था जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी। एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। मां का त्याग, बलिदान, ममत्व एवं समर्पण अपनी संतान के लिये इतना विराट है कि पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। इसीलिये एच. डब्ल्यू. बीचर ने कहा कि मां का हृदय बच्चे की पाठशाला है।

भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि माना गया है। मां को देवतुल्य माना गया है। इसीलिये मातृ देवो भवः यह सूक्त भारतीय संस्कृति का परिचय-पत्र है। ऋषि-महर्षियों की तपः पूत साधना से अभिसिंचित इस धरती के जर्रे-जर्रे में गुरु, अतिथि आदि की तरह माँ भी देवरूप में प्रतिष्ठित रही है। महर्षि वाल्मीकी की यह पंक्ति- जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी जन-जन के मुख से उच्चारित है। प्रारंभ से ही यहाँ मातृशक्ति की पूजा होती आई है। वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में माँ की आराधना होती है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धन-धान्य आदि प्राप्त होता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान हर किसी के साथ नहीं रह सकता इसलिए उसने माँ को बनाया।

एक माँ हमारे जीवन की हर छोटी बड़ी जरूरतों का ध्यान रखने वाली और उन्हें पूरा करने वाली देवदूत होती है। कहने को वह इंसान होती है, लेकिन भगवान से कम नहीं होती। वह ही मन्दिर है, वह ही पूजा है और वह ही तीर्थ है। तभी ई. लेगोव ने कहा है कि इस धरती पर मां ही ऐसी देवी है जिसका कोई नास्तिक नहीं। यही कारण है कि समूची दुनिया में मां से बढ़कर कोई इंसानी रिश्ता नहीं है। वह सम्पूर्ण गुणों से युक्त है, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान है। उसका आशीर्वाद वरदान है। जरा कभी मां के पास बैठो, उसकी सुनो, उसको देखो, उसकी बात मानो। उसका आशीर्वाद लेकर, उसके दर्शन करके निकलो। फिर देखो, जो चाहोगे मिलेगा- सुख, शांति, शोहरत और कामयाबी। ध्यान रहे, मां का दिल दुखाने का मतलब ईश्वर का अपमान है। संसार महान् व्यक्तियों के बिना रह सकता है, लेकिन मां के बिना रहना एक अभिशाप की तरह है। इसलिये संसार मां का महिमामंडन करता है, उसके गुणगान करता है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किन्हीं शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। मां रूपी सूरज चरेवैति-चरेवैति का आह्वान है। उसी से तेजस्विता एवं व्यक्तित्व की आभा निखरती है। उसका ताप मन की उम्मीदों को कभी जंग नहीं लगने देता। उसका हर संकल्प मुकाम का अन्तिम चरण होता है। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

किंतु वर्तमान परिवेश को देखते हुए यह सवाल अवश्य खड़ा होता है कि क्या आज की माँ जननी की भूमिका का सम्यक निर्वहन कर रही है? अथवा क्या वे समाजशास्त्रियों के इस अभिमत पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगा रही कि बच्चा नागरिकता का पहला पाठ माँ की वात्सल्यमयी गोद में सीखता है। जबकि वस्तुस्थिति तो यह है कि माँ की गोद उसे नसीब होती कहाँ है? कुक्षि से बाहर आते ही उसे अलग पालने में सुला दिया जाता है। सोता है तो दूध की बोतल उसके मुँह से लगा दी जाती है। उसका लालप-पालन या देखरेख नर्स या आया के द्वारा होती है अथवा डे केयर सेंटर, बेबी केयर सेंटर में भेजकर कर्तव्यपूर्णता का लेबल लगा दिया जाता है। दो-ढाई वर्ष का होते ही नर्सरी में कम्प्यूटर द्वारा उसे अक्षर-बोध प्राप्त होता है। कुछ बड़ा होते ही उसे होस्टल में प्रविष्टि दिला दी जाती है। कितनी आधुनिक माताएँ तो ऐसी हैं जिन्हें अपने बच्चों से संवाद स्थापित करने का क्षण भी उपलब्ध नहीं होता। करें भी कैसे ? उन्हें अपने निजी कार्यक्रमों से ही फुर्सत नहीं है। तब भला वह कैसे उन्हें बात-बात में तत्त्वबोध दें? कब मीठी-मीठी प्रेरक लोरियाँ सुनाकर संस्कारों की सौगात सौंपे? किस माध्यम से पारिवारिक, सामाजिक मान-मयार्दाओं की अवगति दें? कैसे जीवन में धर्म की उपयोगिता का अहसास करवाएँ? तब फिर शून्यता के सिवा शेष हाथ भी क्या आएगा? मातृ दिवस मां की अस्मिता के धुंधलाने के कारणों की पडताल करने का भी अवसर है। कन्याभ्रूणों की हत्या एक ओर मनुष्य को नृशंस करार दे रही है, तो दूसरी ओर स्त्रियों की संख्या में भारी कमी मानविकी पर्यावरण में भारी असंतुलन उत्पन्न कर रही है। अन्तर्राष्ट्रीय मातृ-दिवस को मनाते हुए मातृ-महिमा पर छा रहे ऐसे अनेक धुंधलों को मिटाना जरूरी है, तभी इस दिवस की सार्थकता है।

**प्रेषक**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486,**

## मंगलसूत्र के बाद सिंदूर, नाम में बहुत कुछ रखा है

– सर्वमित्रा सुरजन

भारतीय संदर्भ में नाम कई तरह से प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो ही जाता है, इसलिए शेक्सपियर कम से कम यहां नहीं लिख पाते कि गुलाब को गुलाब न कहो, तब भी वह खुशबू देगा। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई बिना इस नाम के भी उतनी ही असरकार होती, लेकिन अभी उससे जो भावनात्मक मजबूती महसूस की जा रही है, यह शायद नाम का ही असर है।

शेक्सपियर साहब भारत में होते तो शायद कभी न लिख पाते कि नाम में क्या रखा है, क्योंकि यहां तो बड़े सियासी खेल नाम के बूते ही खेले जाते हैं। दुश्मनों को जवाब देने में भी कौन से नाम का क्या असर पड़ेगा, इसकी रणनीति भी तैयार होती है। तो कम से कम भारत के संदर्भ में देखें तो नाम में बहुत कुछ रखा है।

मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान में बने 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया तो उसके लिए नाम चुना गया ऑपरेशन सिंदूर। भारतीयों के लिए सिंदूर महज एक रासायनिक पदार्थ वर्मिलियन नहीं है, बल्कि इसका सांस्कृतिक, धार्मिक और भावनात्मक महत्व है। हिंदू धर्म में बिना सिंदूर के विवाह संपन्न नहीं होता और विवाहिताएं तब तक सिंदूर लगाती हैं, जब तक उनका सुहाग बना रहता है, यानी जब तक पति जीवित है, विवाहिता मांग में सिंदूर भरती है। लेकिन पति की मौत के बाद सिंदूर नहीं लगाया जाता, इसलिए विधवा होने के लिए मांग उजड़ना जैसे मुहावरों का इस्तेमाल होता है। पौराणिक कथाओं में देवियों के श्रृंगार में सिंदूर शामिल था ही, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर देखें तो गुप्त काल (लगभग 320-550 ई.) तक सिंदूर विवाह अनुष्ठानों से पूरी तरह जुड़ गया।

हमारी फिल्मों में कई भावुक दृश्यों में सिंदूर के जरिए नारी शक्ति या सुहाग की ताकत को दिखाया गया। फिल्म ओम शांति ओम का तो संवाद ही बेहद चर्चित हो गया था, जिसमें दीपिका पादुकोण कहती हैं- एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो रमेश बाबू, ईश्वर का आशीर्वाद होता है एक चुटकी सिंदूर, सुहागन के सिर का ताज होता है एक चुटकी सिंदूर, हर औरत का ख्वाब होता है एक चुटकी सिंदूर। इस फिल्म के लिए मयूर पुरी ने जब ये संवाद लिखा होगा तो उन्हें अनुमान भी नहीं रहा होगा कि यह न केवल कई मौकों पर अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल किया जाएगा, बल्कि लगभग 2 दशक बाद इसे आतंकवाद का जवाब देने पर भी दोहराया जाएगा। इसी फिल्म में मयूर पुरी ने एक और संवाद लिखा था कि पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त। और बुधवार को यह संवाद भी लोगों को याद आ गया जब पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज नरवणे ने ट्वीट किया कि पिक्चर अभी बाकी है। दरअसल जनरल मनोज नरवणे ने संकेत दिए कि पाकिस्तान को अभी पहला सबक ही सिखाया है, अभी इसके आगे आतंकवाद के कई और अड्डे भी तबाह होंगे। आगे और किस तरह के नामों के तहत सैन्य कार्रवाई होगी, ये देखना होगा। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर का नाम रखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बता दिया कि राजनैतिक चतुराई और रणनीतिक कौशल उनमें कूट-कूट कर भरा है।

याद कीजिए, लोकसभा चुनावों के वक्त प्रचार रैलियों का, जिनमें नरेन्द्र मोदी ने मंगलसूत्र छीनने का आरोप विपक्ष पर लगाया था और महिला मतदाताओं को यही कहकर अपनी तरफ करने की कोशिश की थी कि भाजपा ही है जो उनके मंगलसूत्र की रक्षा कर सकती है। श्री मोदी के ऐसे बयानों की प?र्प्त आलोचना हुई और सवाल उठे कि वे किस तरह मंगलसूत्र को चुनावी मुद्दा बना सकते हैं। अब मंगलसूत्र के बाद नरेन्द्र मोदी ने सिंदूर का प्रतीक अपनी रणनीति में शामिल किया है और कमाल देखिए कि इस बार विपक्ष सवाल नहीं उठा रहा, बल्कि सरकार के साथ खड़े होने का दावा कर रहा है। ऐसा होना भी था, क्योंकि विपक्ष आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार के साथ है।

## आपरेशन सिंदूर एक सार्थक पहल और सख्त सन्देश

– ललित गर्ग–

पहलगाम आतंकी हमले में सुहागनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए आपरेशन सिंदूर की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है। बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तूली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आपरेशन सिंदूर में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है।

आपरेशन सिंदूर से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दर्शाते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को ऑपरेशन सिंदूर नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया।

भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं) के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कुख्यात आतंकी मुख्यालय को नष्ट कर स्पष्ट संदेश दिया है। जैश-ए-मोहम्मद चीफ हाफिज सैयद द्वारा बनाया गया यह स्थान आतंक का केंद्र, प्रयोगशाली एवं नर्सरी बन गया था। आगे भी भारतीय सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं।



## माता-बहनों के सिंदूर को उजाडने वालों को करारा जवाब था ऑपरेशन सिंदूर : अनीता चावला



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 10 मई।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर माता-बहनों के सिंदूर को उजाडने वालों को करारा जवाब दिया है। मोदी सरकार का संकल्प आतंकवाद का समूल नाश करना है। ऑपरेशन सिंदूर इसी संकल्प का हिस्सा है। यह कहना है भाजपा नेत्री अनीता चावला का उन्होंने कहा कि 6-7 मई की रात को भारतीय सेना ने पाकिस्तान में दहशतगर्दो के 9 ठिकानों को तबाह कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए परिवारों के साथ न्याय किया। उन्होंने कहा कि आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें हमारी सेना पर गर्व है। उन्होंने कहा कि बीते 22 अप्रैल को पहलगाम में साजिश के तहत आतंकियों ने धर्म को टारगेट कर निर्दोष लोगों की हत्या की थी। इससे देश के लोगों में आक्रोश था। भारतीय सेना ने आतंकवादियों के उन 9 ठिकानों को टारगेट किया, जहां से आतंकी ट्रेनिंग लेते थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने जिस तरह से पर्यटकों को मारा, लोग इसके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे आज हम सब भारतवासी सेना के इस ऑपरेशन का समर्थन करते हैं और ऐसे मौके पर हम सब एकजुट हैं।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस




**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 10 मई।** सेंट जेवियर्स स्कूल में मां के महत्व को दशार्ते हुए मातृ दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत पूर्ण रूप से करने के पश्चात मातृ दिवस आरंभ किया गया। कक्षा मांटेसरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों की माताएं अपने बच्चों के साथ उपस्थित हुई तथा नृत्य व अनेक प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से खेल खेले और आनंद उठाया। छात्रों ने अपनी संगीत प्रस्तुति देकर माताओं के प्रति अपना प्यार व्यक्त किया। जेवियर्स टीम ने छात्रों की माताओं का सम्मान कर मौके को और भी खास बना दिया। माताओं द्वारा सभी गतिविधियों को नियम पूर्ण खेलकर आनंद उठाया व पुरस्कार भी प्राप्त किए। अंत में छात्रों द्वारा एक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिस नृत्य में मां के साथ बच्ची के जन्म से लेकर विवाह तक की प्रस्तुति दिखाई गई। यह प्रस्तुति देखकर सभी माताएं भावुक हो उठी। मातृ दिवस पर माताओं ने रैंप वॉक भी किया और विजेता बनकर पुरस्कार भी प्राप्त किया। स्कूल निर्देशिका ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में बालक की प्रथम गुरू मां होती है। जिसके लालन-पालन से वह दुनिया में आगे बढ़ता है। छोटे-छोटे बच्चों ने मंच पर अपनी मां के लिए कविताएं भी सुनाई। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## सिलाई सेंटर से पानी की मोटर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 10 मई।** थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने सिलाई सेंटर से पानी की मोटर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

सिलाई सेंटर के इंचार्ज ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने दो चोर पानी की मोटर चोरी करते हुए पकड़े थे जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी में दर्ज किया था।

थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी की महिला सहायक उप निरीक्षक पूनम ने पानी की मोटर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान साहिल पुत्र अनिल निवासी घुसकानी व सुमित पुत्र अनिल निवासी घुसकानी हाल निवासी पालुवास के रूप में हुई है।

पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों से चोरी की गई एक पानी की मोटर को बरामद किया गया है।

पुलिस टीम के द्वारा उपरोक्त दोनों आरोपियों को पेश माननीय न्यायालय में किया गया जहां माननीय न्यायालय ने आरोपियों को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं।

## रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं, प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति करे रक्तदान : डॉ. वर्मा



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** अब तक 175 बार रक्तदान के साथ 85 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त कोष में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। यह शिविर भारत माता के वीर पुत्र वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को समर्पित था। शिविर में रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राम पाल सरोहा मुख्यातिथि रहे, जबकि प्रयास फाउंडेशन के प्रधान एवं रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष नरेश सैनी की अध्यक्षता में यह शिविर पूर्ण हुआ। मुख्यातिथि भारतेन्दु हरीश ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को समर्पित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एक अतुलनीय एवं सराहनीय कार्य है। महाराणा प्रताप भारत माता के वीर पुत्र एवं सच्चे देशभक्त थे जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए जीवन पर्यन्त कार्य किया और भारत का गौरव बढ़ाया। शिविर की अध्यक्षता कर रहे प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी ने कहा कि रक्त देने से स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ते हैं और प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। शिविर में शैली शर्मा, रामेश्वर पाल, सतीश कुमार, अनिल कुमार, रघुवंशी सिंह, दविन्द्र कुमार, जितेन्द्र पांचाल, सतपाल सिंह, रामपाल सरोहा, सुशील कुमार, राजेश कुमार, संजीव बतान, महेश शर्मा, राहुल, मनीष और कुलदीप ने रक्तदान किया।

# अखिल भारतीय सेवा संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा

## -प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र सपड़ा ने पदाधिकारियों के नाम किए तय-

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 10 मई।** धार्मिक एवं सामाजिक संस्था अखिल भारतीय सेवा संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। पिछले दिनों प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त हुए राजेन्द्र सपड़ा ने राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल, महासचिव विनोद धवन व प्रांतीय संरक्षक महेन्द्र सेतिया से विचार-विमर्श के बाद प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा की। इससे पहले महेन्द्र सेतिया को प्रांतीय संरक्षक व प्रांतीय महामंत्री मुकेश वर्मा व प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामचन्द्र गुप्ता की पहले की जा चुकी है। प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र सपड़ा ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए ओमप्रकाश वधवा को



प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. रामकिशन कंबोज, पवन मलिक, परविंद ठठई व जगसीर मालवा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह संदीप भाटिया व महेन्द्र सैनी को प्रांतीय संगठन सचिव बनाया गया है। राजेश तनेजा, संजय सेहरा व संजीव मेहता को प्रांतीय सचिव बनाया गया है। राजेश शर्मा को पर्यावरण संयोजक, राजेश सलूजा को मीडिया प्रभारी, राजेन्द्र अग्रवाल को सह मीडिया प्रभारी, गुरदयाल महता को मुख्य सलाहकार, आकाश सेन को प्रांतीय प्रचार सचिव, जितेन्द्र बंसल को प्रांतीय सह सचिव, अशोक अरोड़ा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा बलदेव भूषण को जरूरतमंद व्यक्तियों को वस्त्र वितरित करने का संयोजक, सचिन पंघाल को जयंती एवं बलिदान का प्रांतीय संयोजक, सुधाकांत को बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ प्रांतीय संयोजक, परमजीत कौर मांडिया को महिला प्रमुख, जीएल गुप्ता को स्वच्छता अभियान संयोजक, अनिल बिश्नोई को पशु पक्षी सुरक्षा अभियान संयोजक, मदनलाल पसरीजा को नेत्रदान संयोजक व देवेन्द्र गिल को रक्तदान संयोजक बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल एवं प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र सपड़ा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सेवा कार्यों की जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी जाएगी, वे सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ उसे पूरी मेहनत व ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करेंगे।

# गुजवि ने किया विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 10 मई।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बीएससी कंप्यूटर एप्लीकेशंस कोर्स कोड-232 तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022 व 2023, बीएससी इलेक्ट्रोनिक्स कोर्स कोड-234 तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022 व 2023, बीएससी मेडिकल विद बायोटेक्नोलॉजी



कोर्स कोड-236 तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022 व 2023, एमएससी केमिस्ट्री कोर्स कोड-051 तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022 व 2023, बीकॉम कोर्स कोड-229 चतुर्थ सेमेस्टर (रिअपीयर-स्पेशल मर्सी चांस) बैच 2018, इंटेग्रेटिड बीएससी ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च इन कंप्यूटर साइंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, बीटेक सिविल इंजीनियरिंग तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, बीएएमसी प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, एलएलबी प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2020 व 2021, बीएएलएलबी प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, पीजीवाईएमएच प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2023, बीएएमसी छठा सेमेस्टर (रिअपीयर-स्पेशल चांस) बैच 2020 व 2021, बीकॉम तृतीय सेमेस्टर (मेन व रिअपीयर) बैच 2022 व 2023 तथा बीए जनरल तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2020 व 2021 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

# कांग्रेस ने निकाली जयहिंद यात्रा- भारतीय सेना को किया सलाम

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 10 मई।** भारतीय सेना के हालिया पराक्रम और आतंक समर्थक पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के सम्मान में कांग्रेस पार्टी द्वारा जय हिंद यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शनिवार को कांग्रेस भवन से शुरू होकर भगवान श्री परशुराम चौक पर संपन्न हुई।



कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि सेना के शौर्य ने पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है। जय हिंद यात्रा के माध्यम से हम अपने वीर जवानों को सलामी देंगे और उनके बलिदान को नमन करेंगे। विधायक भरत सिंह बेनीवाल ने सेना के पराक्रम की प्रशंसा करते हुए सेना को सलाम किया। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने भी सभी नागरिकों का इस यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने पर आभार जताते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल सेना के मनोबल को बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि देश की सुरक्षा और एकता के लिए हम सभी एकजुट हैं। शर्मा ने कहा कि आतंकवाद का खत्म हर हाल में होना चाहिए। पूरा देश सेना के साथ है और सेना को सलाम भी कर रहा है। सभी वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब मिल रहा है। सभी ने भारत मां की जय और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लगाए। इस यात्रा में कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला, विधायक भरत सिंह बैनीवाल, वीरभान मेहता, राजकुमार शर्मा, आनंद बियानी, जिला महिला प्रधान उर्मिला भारद्वाज, गोपीराम चाड़ीवाल, सुभाष जोधपुरिया, युवा कांग्रेस महासचिव मोहित शर्मा, गजानंद सोनी, सुमित बैनीवाल, रामकुमार निरंकारी, बलविंद्र सरपंच, लीलूराम सरपंच इत्यादि मौजूद थे।

# सांसद सैलजा ने सिरसा में पाक मिसाइल ध्वस्त करने पर भारतीय सेना को दी बधाई

### फोन पर प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर ली स्थिति की जानकारी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 10 मई।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा के पास पाकिस्तान मिसाइल गिरने की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि पाकिस्तान की ओर से आए एक संदिग्ध मिसाइल को भारतीय सेना द्वारा समय रहते गिराया जाना हमारी सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है। वे इस सफल कार्रवाई के लिए भारतीय सेना को हार्दिक बधाई देती हैं। साथ ही सैलजा ने फोन पर सिरसा जिला प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत कर स्थिति के बारे में जानकारी ली।



सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि यह घटना हमें यह याद दिलाती है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता और सहयोग कितना आवश्यक है। वे सिरसा की जागरूक जनता से अपील करती हैं कि वे अफवाहों से बचें और प्रशासन द्वारा जारी किए जा रहे निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन करें। यह समय धैर्य, एकजुटता और संवेदनशीलता का है। सैलजा ने प्रशासन से भी अनुरोध करते हुए कहा कि लोगों को समय पर सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं और आवश्यक सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाएं। हम सभी को मिलकर अपने देश, क्षेत्र और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सतर्कता और जिम्मेदारी से आगे बढ़ाना होगा। इस आपातकालीन स्थिति में सभी से सहयोग की अपेक्षा है।

## जैक ने सर्च अभियान में 170 लीटर लाहन सहित एक आरोपी को किया काबू

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 10 मई।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निदेर्शों के तहत चलाए जा रहे अपराध मुक्त विशेष अभियान के अंतर्गत आज थाना सदर रतिया क्षेत्र में एक सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें डॉग स्क्वायड टीम के डॉग जैक ने शराब तस्कर को पकड़वाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जैक ने गांव खुनन स्थित मुख्चार सिंह की ढाणी से भारी मात्रा में लाहन बरामद करवाया। थाना सदर रतिया के प्रभारी एसआई राजबीर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के नेतृत्व में क्षेत्र में नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पुलिस टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। सर्च के दौरान डॉग स्क्वायड के कुत्ते जैक ने गांव खुनन में मुख्चार सिंह की ढाणी में छुपाकर रखे गए 170 लीटर लाहन का पता लगाया, जिसे टीम ने बरामद कर लिया।

# सडक पर भटकती हुई मानसिक अस्थिर महिला को गोरक्षा दल ने पहुंचाया अपना घर आश्रम, काउंसलिंग जारी

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 10 मई।** बीते दिनों गौरक्षा दल भिवानी के सदस्यों द्वारा स्थानीय ढ़ाणा रोड़ स्थित पुल पर देर रात भटकती महिला को स्थानीय दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर द्वारा संचालित अपना घर आश्रम में पहुंचाया, ताकि उक्त महिला को अपने घर-परिवार तक सुरक्षित पहुंचाया जा सकें। जहां पर उक्त महिला की काऊंसलिंग जारी है। अभी तक की काऊंसलिंग में उक्त महिला से अपना नाम अनिता व पति का नाम ओमप्रकाश बताया है तथा ओमप्रकाश नाम का टैटू उस महिला के हाथ पर भी बना हुआ है। लेकिन अपने घर के बारे में वह महिला पूरी जानकारी नहीं दे पा रही है। शनिवार को वूमैन हैल्पिंग सोसायटी की संचालिका एवं अध्यक्षा सुशीला देवी सिंह, समाजसेविका एवं भिवानी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार अपना घर आश्रम में पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ सुशील गोयत, कुकी परमार, रविंद्र डॉन भी मौजूद रहे।

इस मौके पर समाजसेविका एवं भिवानी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से अस्थिर है, जिसके कारण वह अपने परिजनों व निवास स्थान की पूरी जानकारी सही तरीके से नहीं दे पा रही है तथा वह सिर्फ अपना व अपने पति का नाम ही बता पा रही है। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग जारी है तथा जब भी वह कुछ कहने व समझने की स्थिति में आएगी तो उसकी जानकारी के अनुसार उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी जाएगी। असीजा ने कहा कि गौरक्षा दल भिवानी के सदस्य प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में मानव सेवा के कार्यो में जुटे रहते है तथा इससे पूर्व भी उन्होंने गौरक्षा दल भिवानी के साथ मिलकर एक एक बुजुर्ग को यहां छोड़ा गया था, जो कि उग्र प्रवृत्ति का था तथा नग्न अवस्था में घंटाघर चौक के नजदीक कचरे के ढ़ेर पर पड़ा रहता था। जिसे बड़ी मुश्किल से पुलिस की मदद से काबू किया गया था तथा अपना घर आश्रम में भर्ती करवाया था। इसके अलावा भी गौरक्षा दल भिवानी सैंकड़ों केस हल करवा चुका है।

इस मौके पर वूमैन हैल्पिंग सोसायटी की संचालिका एवं प्रदेश अध्यक्षा सुशीाल देवी सिंह ने कहा कि सडक पर भटकती मानसिक रूप से अस्थिर महिला को देखकर गोरक्षा दल की टीम ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्परता से सहायता की। उन्होंने कि गौरक्षा दल भिवानी के सदस्यों ने समाज में संवेदना और सहयोग की एक मिसाल पेश की है।

## एटीएम बदलकर निकाले 11500 रुपए

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 10 मई।** शहर के कंगनपुर निवासी व्यक्ति का एटीएम बदलकर शातिर युवकों ने 11500 रुपए निकाल लिए।

पुलिस को दी शिकायत में कृष्ण कुमार ने बताया कि उसने बीती 8 मई की शाम को अपने भतीजे को रूपए निकालने के लिए एटीएम कार्ड दिया था। उसके भतीजे ने बेगू रोड स्थित एटीएम से 6 हजार रुपए निकाले। एटीएम व रुपए देकर वह चला गया। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर दो बार मैसेज आया, जिसमें 11500 रुपए की राशि निकाली गई। जब उसने एटीएम चैक किया तो वह बदला हुआ था। उसने भतीजे से पूछताछ की तो पता चला कि रुपए निकालने के दौरान दो युवक वहां मौजूद थे, जिन्होंने उसे बातों में लगाकर उसका एटीएम बदल दिया। पुलिस ने शिकायत के आधर पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एटीएम कार्ड बदलकर लगाई 75 हजार की चपत

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 10 मई।** कीर्तिनगर में एटीएम से पैसे निकलवाने गए व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर शातिर ठगों ने उसे 75 हजार रुपए की चपत लगा दी। पुलिस को दी शिकायत में कंगनपुर रोड निवासी देवीलाल ने बताया कि शाम को वह एटीएम से पैसे निकलवाने के लिए गया था। एटीएम मशीन में एटीएम लगाने के बाद भी राशि नहीं निकली। तभी वहां दो युवक आए और उन्होंने मदद की बात कही। युवकों ने उसका एटीएम लेकर लगाया और जैसे ही उसने पिन लगाया तो युवकों ने देख लिया। इसके बाद भी राशि नहीं निकली। इसी दौरान बातों में लगाकर युवकों ने उसका एटीएम बदल लिया और वहां से चले गए। कुछ देर बाद वह घर पहुंचा तो उसके मोबाइल पर 75 हजार रुपए की ट्रांजेक्शन के मैसेज आया तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। उसने एटीएम संभाला तो वह बदला हुआ था। उसने तुरंत बैंक के नंबर पर फोन कर एटीएम बंद करवाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## युवक चोरीशुदा बाइक सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 10 मई।** गणेश धर्म कांटा के समीप वाहनों की चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को चोरी की बाइक सहित काबू किया। पकड़े गए युवक की पहचान अरूण निवासी खारा बरवाला, आदमपुर जिला हिसार हाल गांव शेरपुरा, सिरसा के रूप में हुई है।

शहर थाना पुलिस डबवाली रोड स्थित गणेश धर्म कांटा के समीप वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक पुलिस टीम को सामने देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे काबू कर बाइक के कागजात मांगे तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर पुलिस बाइक सहित युवक को पकडकर थाने ले गई। पुलिस पूछताछ में अरूण ने बताया कि उसने यह बाइक नारनौल से चोरी किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खेतों से हजारों की केबल चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 10 मई।** गांव अलीकां में एक किसान के खेतों से चोर हजारों रुपए की ट्यूब्वैल की केबल चोरी कर ले गए।

पुलिस को दी शिकायत में ज्ञान चावला ने बताया कि बीती 8 मई की शाम को वह खेतों से घर आ गया।

देर रात्रि को चोरों ने खेतों में घुसकर उसके ट्यूब्वैल से करीब 225 फुट केबल चोरी कर ली, जिसकी कीमत करीब 25 से 30 हजार रुपए है। सुबह वह खेतों में गया तो उसे घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण पाबंदी: एसपी, सूचना देने वाले को नकद राशि से किया जाएगा सम्मानित

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 10 मई।** सिरसा में धारा 163 के तहत ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण रुप से पाबंदी लगाई गई है। पुलिस व जिला प्रशासन ने सभी जिलावासियों से अपील की है कि अगर वे किसी संदिग्ध ड्रोन या वस्तु को उड़ते हुए देखते हैं, या किसी व्यक्ति को इन्हें उड़ाते हुए देखते हैं, तो वे तुरंत हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है, पुलिस व जिला प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए पूरी तरह सतर्क हैं और जिले में शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने नागरिकों से इस दौरान शांति बनाए रखने और प्रशासन के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। सूचना देने वाले नागरिक को जिला प्रशासन द्वारा नकद राशि के साथ सम्मानित किया जाएगा। यह कदम सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

## जिला सोनीपत में हुई 4,18,648 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सोनीपत, 10 मई।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिले की विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक व खरीद कार्य जारी है। शुक्रवार देर सायं तक जिले की 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में कुल 4,18,648,मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई, जिसे विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीदा गया।

उपायुक्त ने बताया कि इन 4,18,124,मीट्रिक टन गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 1,21,600,मीट्रिक टन, हैफेड ने 1,73,603,मीट्रिक टन, हरियाणा वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन ने 91,089,मीट्रिक टन, तथा फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) ने 14,578 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। इसके अतिरिक्त 17,778 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद आम उपभोक्ताओं द्वारा (कमर्शियल गेहूं) की गई है।

## धूमधाम से मनाया महाकाली मंदिर का वार्षिक स्थापना दिवस

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** गांव शांति नगर कुरड़ी में श्रीमद भगवती महामाया आदिशक्ति स्वयंभू महाकाली मंदिर का वार्षिक स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी



वाले एवं स्वामी संदीप ओंकार कुरड़ी वालों के सानिध्य में वार्षिक मन्दिर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर को फूलों और विद्युत चलित लड़ियों से सजाया गया। मंदिर के अंदर स्थापित मां आदिशक्ति स्वयंभू महाकाली के सवा 7 फुट ऊंचे स्वरूप को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर पूजा अर्चना कर मां के नाम से महायज्ञ कर पूर्ण आहुति डाली गई। आई हुई संगत द्वारा मां के चरणों में हाजिरी लगाकर सामूहिक रूप से आरती वंदना की गई और मां के चरणों में कन्या पूजन कर भंडारे का श्रीगणेश किया गया। इस अवसर पर कुरड़ी वाले महाराज ने कहा कि श्रीमद भगवती महामाया आदिशक्ति स्वयंभू महाकाली मंदिर अन्यत्र कहीं नहीं है मां का 108 फुट ऊंचा मंदिर भव्य एवं सुंदर है। इस अवसर पर संघ संचालक पंडित शिव नारायण दीक्षित, राधेश्याम ,मांगेराम शर्मा , संजय मिंडा, पंडित जय नारायण दीक्षित, अधिवक्ता राजेश दहिया, श्याम सुंदर व समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।


## प्राइवेट स्कूलों का स्थाई समाधान करे सरकार: कुलभूषण शर्मा




**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**
**चंडीगढ़, 10 मई।** चंडीगढ़ प्रेस क्लब में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष और निसा के राष्ट्रिय अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ने कहा जिन स्कूलों को सरकार द्वारा मान्यता प्रदान नहीं की गई है, उनका मामला दो दशकों से भी अधिक समय से आधार में लटका हुआ है, जिससे हरियाणा में हर वर्ष जब अप्रैल माह में दाखिले का वक्त होता है और जब बोर्ड परीक्षा समय होता है प्राइवेट स्कूलों पर तलवार लटका दी जाती है, जिससे प्राइवेट स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने की जगह अपने- अपने विद्यालयों का अस्तित्व बचाने के लिए अधिकारीयों और सरकार के चक्कर लगाने पर लगे रहते है।

कुलभूषण शर्मा ने कहा 10 वर्ष से अधिक समय से हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जिसने घोषणा पत्र में वादा किया था की उनकी सरकार बनने पर इस समस्या का स्थाई समाधान कर दिया जायेगा परन्तु चिंता का विषय यह है की हरियाणा के हजारों स्कूल अब भी उस राहत का इंतजार कर रहे हैं जिसकी उम्मीद उनको भारतीय जनता पार्टी की सरकार से है। कुलभूषण शर्मा ने कहा जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर वर्ग को राहत दे रहे हैं तो उन्हें प्राइवेट स्कूलों की बैठक बुलाकर उनकी समस्या का समाधान शीघ्र करना चाहिए।

## डिज्नीलैंड कार्निवाल में अफ्रीकी कलाकारों ने दिखाए करतब



**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**
**चंडीगढ़, 10 मई।** सेक्टर 34 एग्जीबिशन ग्राउंड में चल रहे डिज्नीलैंड पार्क कार्निवाल में वीरवार को अलग ही नजारा देखने को मिला। जिसे देख लोग हैरत में तो पड़े ही, साथ ही साथ रोमांचित भी हुए। नजारा था, अफ्रीकन जिम्नास्ट कलाकारों द्वारा एक्रोबेटिक परफॉर्मेंस का। जिसमें इन कलाकारों ने अपनी विभिन्न परफॉर्मेंस से लोगों को खूब मंत्रमुग्ध किया।

कार्निवाल के संचालक बिपन जिंदल ने बताया कि कार्निवाल घूमने आने वाले लोगों को कुछ अलग और नया देने के नजरिए से आज इन अफ्रीकी कलाकारों की एक्रोबेटिक परफॉर्मेंस का यहां आयोजन किया गया था। इस बार अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डिज्नीलैंड तैयार किया गया है। जिसके आगे सेल्फी और फोटो लेना लोगों को निश्चित रूप से आकर्षित करेगा। यह सब देखने को मिलेगा सेक्टर 34 एग्जीबिशन ग्राउंड में 26 अप्रैल 2025 से 25 मई 2025 माह के अंत तक चलने वाले डिज्नीलैंड कार्निवाल में।

इसके अलावा आप फूड स्टॉल पर पंजाबी, साउथ इंडियन और अलग-अलग व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बच्चों और वयस्कों के लिए लगभग 10 झूले लगाए गए हैं। झूलों में बच्चों -वयस्कों के लिए ड्रैगन व्हील, कोलंबस, ब्रेक डांस, मिककी माउस, ड्रैगन ट्रैन, जायंट व्हील, स्कारी हाउस और मेरी गो राउंड इत्यादि शामिल हैं। इसलिए सभी झूलों का भी फिटनेस परीक्षण किया गया है।

## देविवि कर्मचारी संघ के चेयरमैन बने बजरंगलाल



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 10 मई।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ हरियाणा की कार्यकारिणी के चुनाव करवाए गए, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के पंजाब, हरियाणा के प्रभारी एवं राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री कृष्णलाल गुर्जर ने की।

इस अवसर पर सर्वसम्मति से चेयरमैन बजरंगलाल, प्रधान रविंद्र सैनी, वरिष्ठ उपप्रधान संजय श्योराण, उपप्रधान लीलूराम जांगड़ा, सचिव डॉ. सुरेंद्र हांडा, सहसचिव मनोज रेहलन, सहसचिव रोहताश गुर्जर, कोषाध्यक्ष प्रवीण कपूर, कार्यकारी सदस्य रामशब्द, अनिल कुमार, अनिल गुर्जर, राजकुमार वर्मा, रामनाथ को नियुक्त किया गया है। कृष्ण गुर्जर ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कर्मचारियों के हित में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कृष्णलाल गुर्जर ने वर्तमान में देश के हालात को देखते हुए आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करें। झूठी अफवाहों पर ध्यान न दें और धैर्य बनाकर रखें। उन्होंने समस्त कार्यकारिणी की ओर से सीमाओं पर देशवासियों की रक्षा कर रहे वीर जवानों की सलामती भी मांगी। इस मौके पर हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भाल सिंह जाखड़ व डॉ. सुमित सैनी भी उपस्थित रहे।

## रतिया पुलिस ने हेरोइन सप्लाई करने के आरोपी को किया काबू

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 10 मई।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस निदेर्शानुसार चलाये जारहे नशा मुक्त अभियान के तहत रतिया पुलिस ने एक सप्लायर को गिरफ्तार किया कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान कृष्ण पुत्र सुखदयाल निवासी रत्ताखेड़ा के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ थाना शहर रतिया मे अभियोग 98 दिनांक 05.05.2025 धारा 21 बी, 61,85 एनडीपीएस एक्ट के तहत अंकित है। आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 5 मई को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम एएसआई जतिन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव रतनगढ़ में कमाना रोड पर पहुंची तो सामने से बिना नंबर के मोटरसाइकिल पर आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम राजेन्द्र सिंह पुत्र गुरचरण सिंह निवासी टोडरपुर जिला मानसा हाल अलालवास बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 5.50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इस पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी से पूछताछ के आधार पर उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अदम्य साहस का दिया परिचय : साहिल गोयल

### देश की पहली ऑन ड्यूटी शहीद महिला अफसर किरण शेखावत की शहादत को किया नमन

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बजरंग सेवा भारत के राष्ट्रीय मंत्री साहिल गोयल ने देश की पहली ऑन ड्यूटी शहीद महिला अफसर किरण शेखावत (27) की शहादत को नमन करते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया है। भारतीय सेना के जांबाजों की सुरक्षा और सफलता के लिए बजरंग सेना भारत के नेताओ द्वारा प्रभु श्रीराम के श्रीचरणों में कामना की गई कि हर भारतीय सनातनी महिला, बहू और बेटी का सिंदूर चिरस्थाई रहे।इस दौरान बजरंग सेना के नेताओ ने बजरंग सेना के राष्ट्रीय महामंत्री व सीनियर भाजपा नेता साहिल गोयल के नेतृत्व में दीप जला कर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाश और वाराणसी के सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलता व कुशलता हेतु कामना की। इस दौरान सभी ने भगवान श्रीराम के चरणों में राष्ट्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि की कामना की। साहिल गोयल ने ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी व आतंकवाद के खात्में के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि भारत की सेनाएं देश की रक्षा और आतंकवाद के खात्मे के लिए मैदान-ए-जंग में उतरी है। ऐसे में उनकी कुशलता और विजयश्री के लिए विशेष प्रार्थना होनी



चाहिए।उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो अदम्य साहस का परिचय दिया है, वह बामिसाल है।आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि विशेष पूजा अर्चना के जरिए यह कामना की जा रही है कि देवी देवताओं का आशीर्वाद भारतीय सेना के जवानों पर बना रहे। हमारी सेनाएं सीमा पर डट कर आतंकवाद का मुकाबला करें और विजयश्री को प्राप्त करें। साहिल गोयल ने हिमाचल प्रदेश में बस किराया में वृद्धि को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां देश की सीमाओं पर युद्ध चल रहा है, वहीं ऐसे समय में हिमाचल की कांग्रेस सरकार, इस तरह के अनुचित फैसले ले रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हिमाचल सरकार सीमा पार की स्थिति को लेकर गंभीर नहीं है। साहिल गोयल ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में कई सालों से हजारों की संख्या में पाकिस्तानी लोग रह रहे हैं। कई लोगों ने अपने स्थाई ठिकाने भी यहां पर बना लिए है। ऐसे में इन लोगों की पहचान कर उन्हें तुरंत यहां से बाहर निकालना चाहिए।

# आज देश के हर नागरिक को सेना पर गर्व, ऑपरेशन सिंधु से आतंकवाद पर कड़ा प्रहार : सुभाष कलसाना

### भाजपा नेता ने सरपंचों के साथ बैठक कर ग्रामीणों को सतर्क रहने के दिए निर्देश

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने शाहाबाद के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एक विशेष बैठक आयोजित की। इस बैठक में हलके के अधिकतर सरपंचों, पार्टी कार्यकताओं एवं शहर के गणमान्य जनों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य लोगों को राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर सतर्क करना और आवश्यक तैयारियों पर चर्चा करना था। सुभाष कलसाना ने कहा कि आज पूरा देश अपनी सेना के पराक्रम और साहस पर गर्व महसूस कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने आतंकवाद के खिलाफ सशक्त कार्रवाई कर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। यह अभियान देश की संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा में मील का पत्थर साबित हुआ है। कलसाना ने कहा



कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। राज्य की सीमाओं के साथ-साथ आंतरिक व्यवस्थाओं को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में चिकित्सा सुविधाएं बाधित न हों। बैठक के दौरान सुभाष कलसाना ने हलके के सभी सरपंचों को अपने-अपने गांवों में सायरन सिस्टम लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संभावित संकट को देखते हुए हर गांव में चेतावनी प्रणाली विकसित करना आवश्यक है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में ग्रामीणों को तुरंत सतर्क किया जा सके। उन्होंने सरपंचों से अपील की कि वे ग्रामीणों को अफवाहों से बचने, प्रशासन के निदेर्शों का पालन करने और संयम बनाए रखने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने मीडिया के माध्यम से शाहाबाद के नागरिकों से भी अपील की कि वे युद्ध जैसे हालात को गंभीरता से लेते हुए सतर्कता बरतें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के अस्पतालों को आवश्यक दवाएं, एंबुलेंस सेवाएं, स्टाफ और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। बैठक में भाजपा शाहाबाद मंडल अध्यक्ष सुपार्श्व जैन, महामंत्री निर्मल सिंह विर्क, अधिवक्ता मनदीप रावा, गुरप्रीत बाछल, जतिन पोपली, अशोक खुराना, गुलशन निम्मा, दीपक आनंद, सरपंच विक्रम अटवान, कुलविंदर ढकाला, सतीश सम्भालखी, ओम प्रकाश कलसाना, रिंकू जंदेड़ी, राकेश रावा, कुलबीर लंडी सहित कई सरपंच, कार्यकर्ता और गणमान्यजन मौजूद रहे।

## डी. ए. वी. रतिया में अध्यापकों के लिए वित्तीय साक्षरता सेमिनार का आयोजन



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 10 मई।** डी. ए. वी. स्कूल रतिया में आज अध्यापकों के लिए एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य शिक्षकों को आर्थिक जागरूकता प्रदान करना और उन्हें व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, बचत, निवेश तथा पेंशन योजनाओं की सही जानकारी देना था। इस अवसर पर वित्तीय विशेषज्ञ पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर्ड अधिकारी श्री रामपाल पूनिया ने विभिन्न विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने घरेलू बजट निर्माण, कर नियोजन, सरकारी एवं निजी निवेश विकल्प, बीमा योजनाएं, एनपीएस (राष्ट्रीय पेंशन योजना), और डिजिटल लेनदेन जैसे विषयों पर जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अपने प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल एवं व्यावहारिक उत्तर दिया। इस संवादात्मक सत्र ने सेमिनार को विशेष रूप से उपयोगी और रोचक बना दिया।

सेमिनार में लगभग 60-65 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। अंत में, संस्था की ओर से आभार व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्या मोनिका खन्ना ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलती है। यह सेमिनार शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ, जिससे वे अब न केवल स्वयं की वित्तीय योजना बेहतर बना पाएंगे, बल्कि छात्रों को भी वित्तीय अनुशासन की प्रेरणा दे सकेंगे। अंत में प्रधानाचार्या मोनिका खन्ना, किरण धवन, ज्योति चुघ व सौरभ सरदाना द्वारा आए हुए विशेषज्ञों को पौधे देकर सम्मानित किया व आभार व्यक्त किया।

# विधायक चंद्रप्रकाश ने जनता दरबार में सुनी जनता की समस्याएं

### -सीवर लाइन के कार्य का किया निरीक्षण

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 10 मई।** विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार आयोजित करके हलकावासियों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों से बातचीत कर-के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने आदमपुर के क्रांति चौक में चल रहे सीवर लाइन के कार्य का निरीक्षण किया।

विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर की शिव कॉलोनी में स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में रिटायर्ड कर्मचारी संघ के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।



इस अवसर पर उन्हें पगड़ी पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। इस मान-सम्मान के लिए आभार जताते हुए चंद्रप्रकाश ने कहा कि आप सभी के सहयोग व समर्थन की बदौलत जनप्रतिनिधि बनकर सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे आपके बीच रहकर आदमपुर की हर समस्या के निदान के लिए प्रयासरत हूं।

उन्होंने बताया कि आदमपुर के हक की आवाज उन्होंने विधानसभा में भी उठाई है। इस दौरान कृष्ण जगाण, अमरजीत सिंह, केशराज दिनोदिया, भूपेंद्र कासनियां, राजवीर बेनीवाल, सिराजुद्दीन मिर्जा, राजकुमार जांगड़ा, वीर सिंह, कृष्ण राहड़, सजन मित्तल व कृष्ण छिंपा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर मंडी, आदमपुर गांव, दड़ौली, चुली व जगाण में शोक बैठक में हिस्सा लेकर शोक संतप्त परिवारों को ढाढस बंधाया और अपनी संवेदनाएं भी व्यक्त की।

**पाकिस्तान के खिलाफ देशवासी एकजुट : चंद्रप्रकाश**

पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा की जा रही कार्रवाई को उचित ठहराते हुए विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि पाकिस्तान को उसकी नापाक हरकतों के लिए सबक सिखाना जरूरी है। बार-बार कायराना आतंकी हमलों से देशवासियों को गोली का शिकार बनाने वाले आतंकवादियों का खात्मा आवश्यक है। सेना की इस कार्रवाई का देशवासी एकजुट होकर समर्थन कर रहे हैं और उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। हर देशवासी भारत की सेना के पराक्रम को सलाम कर रहा है।

## सेवा संघ द्वारा राजकीय प्राथमिक कन्या पाठशाला,बरोट मे एक वाटर कूलर लगवाया गया



**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 10 मई।** कैथल की अग्रणी समाज सेवी संस्था 1980 मे जब सेवा संघ कैथल अस्तित्व मे आया तब पहली सेवा जल सेवा ही थी। सेवा संघ के प्रधान शिव शंकर पाहवा ने बताया कि दशहरा के अवसर पर जल सेवा का स्टॉल लगाया था और फिर धीरे धीरे संस्था द्वारा मटको के पिआओ लगाये गए। उन्होंने कहा कि फिर समय आया स्टील की टंकियां बनी, चलती फिरती रेहड़ीआ बनी, समयानुसार दानी सज्जनों के सहयोग से वाटर कूलर लगने लगे।सेवा संघ द्वारा राजकीय प्राथमिक कन्या पाठशाला,बरोट मे एक वाटर कूलर लगवाया गया। यह सेवा रहेजा परिवार कैथल ने अपनी पूज्य माता गणेशी देवी पत्नी स्वर्गीय भगत राम जी रहेजा की पावन स्मृति मे भेंट किया।इस अवसर पर संस्था के प्रधान डॉ शिव शंकर पाहवा,नरेश कालड़ा,सुशील रहेजा,मीनाक्षी रहेजा,संतोष कालड़ा,राजेश वर्मा,प्रिंसिपल सुभाष चंद,मुख्य टीचर मोहन लाल,नरेश गुंबर तथा सुनिल कुमार उपस्थित रहे। डॉ शिव शंकर पाहवा एवं स्कूल स्टाफ ने रहेजा परिवार का आभार जताया।

# पाकिस्तान के खिलाफ एकजुट हुए देशवासी : एडवोकेट खोवाल

### कहा, पाकिस्तान के नापाक इरादों को नाकाम करने में सेना के साथ-साथ हर देशवासी की भी महत्वपूर्ण भूमिका

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 10 मई।** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के सफाए के लिए सेना द्वारा की जा रही कार्रवाई को हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने वर्तमान परिस्थितियों में जरूरी बताया है।

एडवोकेट खोवाल ने कहा कि आतंकवादियों को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हर नापाक इरादे को नाकाम करने में सेना के साथ-साथ देशवासी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। देशवासियों ने सांप्रदायिक



एकता दिखाकर पाकिस्तान के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया है। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जहां धर्म के नाम पर राजनीति करती आई है, वहीं देशवासियों ने धर्म की पहचान को छोडक? भारत की पहचान को आगे किया है। इसलिए पाकिस्तान के खिलाफ हिन्दू, मुस्लिम व सिख सहित तमाम धर्मों के अनुयायी एकजुट हैं। यह एकजुटता व सांप्रदायिक एकता सेना में नया उत्साह भरने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वोट बटोरने के लिए भाजपा ने जनता को बांटने का काम किया है लेकिन हर देशवासी अपने वतन के प्रति वफादारी जताते हुए एकजुटता का संदेश दे रहा है। हर देशवासी की यही इच्छा है कि पाकिस्तान प्रायोजित पहलगाम घटनाक्रम सहित हर आतंकी घटना का सबक सिखाया जाए। खोवाल ने कहा कि पाकिस्तान हिंदू-मुस्लिम और हिंदू-सिख को आपस में लड़वाने और अराजकता फैलाने के लिए हर पैंतरा इस्तेमाल कर रहा है लेकिन सौहार्द व समरसता अपनाते हुए हर देशवासी एक-दूसरे के प्रति अपनापन बनाए हुए है। हिंदू, मुस्लिम व सिख ने एकजुट होकर पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड? का जो आह्वान किया है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा भ्रामक सूचनाएं प्रेषित करके द्वेष फैलाने की हर तरह कोशिश को नाकाम करने वाला हर देशवासी प्रशंसा का पात्र है। यही देश की असली ताकत है और इसी के बूते ही देश आगे बढ़ सकता है। पाकिस्तान चाहे कितनी भी कोशिश कर ले लेकिन एकजुटता की इस दीवार को वह भेद नहीं सकता है।

## धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया मदर्स डे

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 10 मई।** अनिल डीएवी पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे- मुन्हें बच्चों ने अपनी माताओं के मस्तक पर तिलक लगाकर स्कूल परिसर में उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। कक्षा नर्सरी से कक्षा द्वितीय श्रेणी के बच्चों ने मां की महानता को बताते हुए गाने गाए, डांस और कविताएं प्रस्तुत की तथा कार्ड बनाकर अपनी मां को समर्पित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य संजय शर्मा ने कहा कि मां बच्चों की प्रथम गुरु है। उन्होंने कहा कहा कि केवल इसी दिन नहीं बल्कि प्रत्येक दिन हमें अपनी मां का शुक्रिया अदा करना चाहिए जिसने हमें हमारा अस्तित्व प्रदान किया।

इस अवसर पर माताओं के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गतिविधियों में उनकी सहभागिता को देखते हुए और अपने बच्चों के विषय में जानकारी को देखते हुए बेस्ट मदर्स अवार्ड दिया गया कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर लीना भारद्वाज की देखरेख में संपन्न हुआ।

# गीता निकेतन विद्या मंदिर में मनाया मातृ दिवस

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर- 3 में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बालकों के मन में अपनी मां के प्रति श्रद्धा और प्रेम जगाना तथा माताओं को सम्मान देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वंदना सत्र में दीप प्रज्वलन के साथ दयानंद सदन द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कक्षा द्वितीय से अष्टम तक के छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों के द्वारा सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बताया कि- मां एक ऐसा शब्द है, जिसमें सारा संसार व्याप्त है। संसार को



चलाने वाली बच्चों के लिए संसार से लड़ जाने वाली अपनी हर संतान को बराबर प्यार देने वाली मां होती है। मां अपना पूरा जीवन अपने परिवार के लिए समर्पित कर देती है। प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि हमारा विद्यालय नन्हें बालकों में संस्कार डालने के लिए सदा प्रयत्नशील रहता हैं। छोटे -छोटे कार्यक्रम के माध्यम से हम बालकों के मन में संस्कारों को स्थाई रूप देने का कार्य करते हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि जिंदगी में पहली शिक्षक मां होती है और जिंदगी देने वाली भी मां ही होती है ।मां को अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहती है।

## पीजीआई चंडीगढ़ में लगाया भंडारा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 10 मई।** जय मां वैष्णो सेवा समिति इस्माईलाबाद के तत्वावधान में जरूरतमंद व मरीजों की सहायता के लिए पीजीआई चंडीगढ़ में 9वां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान सपन बंसल ने बताया कि चंडीगढ़ में परिस्थितियों अनुकूल नहीं होने के कारण भी संस्था ने निर्णय लिया है की जरूरतमंद मरीजों व उनके परिजनों की मदद जरूर की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर देश में युद्ध की स्थिति भी बनती तो भी संस्था अपनी योग्यता के अनुसार भंडारे व अन्य सहयोग से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि संस्था के तत्वावधान में जून माह में वैष्णो दरबार में भी भंडारा लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्था को आसपास के गांवों व शहर से भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस अवसर संस्था के चेयरमैन खुशपाल सिंह, सुखबीर नम्बरदार जंधेडी, संजीव बंसल, गुरजेंट, देवराज, गुरविंद्र सिंह, आरव गर्ग, बोबी सिंगला आदि मौजूद रहे।

# गुजवि ने किया कॉपोरेट रिसपोंसीबिलिटी एग्रीमेंट्र

## यूरोफिन्स एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बैगलूरू के बीच हुआ सीएसआर

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 10 मई।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार तथा यूरोफिन्स एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बैगलूरू के बीच कॉपोरेट रिसपोंसीबिलिटी एग्रीमेंट हुआ है।

इस सीएसआर के तहत यूरोफिन्स एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बैगलूरू, गुजविप्रौवि के के फूड टेक्नोलॉजी विभाग को 25 लाख रुपए की कीमत के आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाएगा। ये उपकरण विभाग के विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए गुणवत्तापरक शैक्षणिक व शोध कार्यों के लिए लाभप्रद होंगे। गुजविप्रौवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने तथा यूरोफिन्स एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रबंध निदेशक डा. पंकज जैमिनी ने हस्ताक्षर किए। गवाह के रूप में गुजविप्रौवि की ओर से कुलसचिव डा. विजय कुमार व डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह ने जबकि यूरोफिन्स



एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सहायक निदेशक ज्योति सिंधू व प्रमोद कुमार ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि यूरोफिंस एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे उपकरण विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध ढांचे को और अधिक मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों के लिए विश्वविद्यालय में एक प्रोडक्शन लेबोरेटरी स्थापित की जाएगी। यूरोफिंस एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के इंजीनियरों द्वारा समय-समय पर इन उपकरणों से संबंधित जानकारियां भी विश्वविद्यालय को दी जाएंगी। गुजविप्रौवि इन उपकरणों के समुचित व परिणाम आधारित प्रयोग को सुनिश्चित करेगा। गुजविप्रौवि सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्ध विश्वविद्यालय है। शिक्षण व शोध के उच्च मापदंडों के साथ-साथ यह विश्वविद्यालय सामाजिक दायित्वों को भी प्राथमिकता देता है।

यूरोफिन्स एनालिटिकल सर्विसिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रबंध निदेशक डा. पंकज जैमिनी ने इस अवसर पर कहा कि गुजविप्रौवि एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय के साथ सीएसआर गतिविधियां संचालित करना उनके संस्थान के लिए भी गौरव की बात है।

## डीएवी सैंटेनेरी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**शाहाबाद मारकंडा, 10 मई।** डीएवी सैंटेनेरी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस रंगारंग आयोजन में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी शिक्षिकाओं के साथ खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर दिन को यादगार बनाया। कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी माँ के लिए सुंदर-सुंदर ग्रीटिंग कार्ड बनाए, जबकि कक्षा छठी से दसवीं तक के छात्रों ने पोस्टर बनाकर अपनी माताओं के प्रति प्रेम और श्रद्धा व्यक्त की। इन सभी गतिविधियों का संचालन प्रधानाचार्य जीवन शर्मा के दिशा-निर्देश में किया गया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम की इंचार्ज अध्यापिका ज्योति आनंद रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यमाँह्ल केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक संपूर्ण भावना है, जो बच्चों के जीवन में निःस्वार्थ प्रेम और त्याग का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि माँ अपने बच्चों के लिए हर सुख-दुख सहती है और उन्हें दुनिया की हर बुरी नजर से बचाने के लिए तत्पर रहती है। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के लिए शिक्षिका सीमा कपूर और कक्षा छठी से दसवीं तक के लिए शिक्षिका ज्योति आनंद ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिकाओं ईशा, प्रगति, नीतू, सीमा राणा, मोनिका वालिया, रजनी बाला, मीनू, डिंपल डावरा, वर्षा श्रीवास्तव, वंदना, कोमल, खुशबू आनंद, आशा, सपना, गुरप्रीत, रजवंत और गीतू का विशेष सहयोग रहा।

## हरियाणा में गुरमत समागम और गुरमत प्रशिक्षण कैंपों की श्रृंखला जारी : सुखविंदर सिंह



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, श्री अमृतसर साहिब द्वारा चलाए जा रहे विशेष धर्म प्रचार अभियान के तहत हरियाणा में गुरमत समागमों और प्रशिक्षण कैंपों की श्रृंखला निरंतर जारी है। सिख मिशन हरियाणा के इंचार्ज सुखविंदर सिंह ने बताया कि यह अभियान श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी, भाई दयाला जी, भाई सती दास जी और भाई मती दास जी के 350वें शहीदी दिवस तथा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 350वें गुरगद्दी दिवस को समर्पित है। इस अभियान का नेतृत्व एसजीपीसी के वरिष्ठ उपप्रधान रघुजीत सिंह विर्क कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि धर्म प्रचार लहर के तहत हरियाणा के विभिन्न गांवों, शहरों, स्कूलों और कॉलेजों में लगातार गुरमत समागम और प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अभी तक शाहाबाद में एसजीएनपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मांडी (पिहोवा), कुरुक्षेत्र, निसिंग और फतेहाबाद में विशेष गुरमत शिक्षण कैंप आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में सिख मिशन के वरिष्ठ प्रचारकों और कथावाचकों ने बच्चों को गुरबाणी, सिख इतिहास और गुरमत सिद्धांतों की प्रारंभिक जानकारी प्रदान की है। सुखविंदर सिंह ने बताया कि यह अभियान न केवल बच्चों को धार्मिक दृष्टिकोण से जागरूक कर रहा है, बल्कि उन्हें ऐतिहासिक एवं नैतिक मूल्यों से भी जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी के इस प्रयास को हरियाणा की संगत, पंच-सरपंचों और सिंह सभाओं से भरपूर समर्थन मिल रहा है, जिससे सिख मिशन हरियाणा और अधिक सशक्त हो रहा है।

# लिटिल मिलेनियम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया मातृ दिवस

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** लिटिल मिलेनियम स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला रोजगार अधिकारी कुरुक्षेत्र सीमा सैनी, सुची सुमिता शर्मा क्यूरेटर, गुलजारी लाल नंदा स्मारक, कुरुक्षेत्र और रजवंत कौर प्रधान, नॉन-टीचिंग स्टाफ यूनियन, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बच्चों ने मां शब्द की महिमा को उजागर करते हुए एक मनमोहक भांगड़ा



प्रस्तुति दी, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों द्वारा वृद्धाश्रम की थीम पर आधारित एक व्यंग्यात्मक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जिसने सामाजिक चेतना को जाग्रत किया। माताओं के लिए विशेष मनोरंजन का भी आयोजन किया गया, जिसमें रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर, टंग ट्विस्टर, बैलून बस्टिंग और बॉल इन बास्केट जैसे आकर्षक खेल रखे गए। माताओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया और खूब आनंद उठाया। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने इस अवसर पर कहा कि मां का प्रेम, त्याग और समर्पण अतुलनीय है। सभी विद्यार्थियों को चाहिए कि वे जीवन भर अपनी मां का सम्मान करें क्योंकि मां ही पहली गुरु होती है, जो हर मोड़ पर सही राह दिखाती है। माँ' शब्द आपमें ही समेटे हुए उन भावनाओं की गहराई को दशार्ता है जिनकी तुलना दुनियाँ की कोई भी ताकत नहीं कर सकती।

विद्यालय की मुख्य अध्यापिका सुनीता रानी ने भी मातृत्व की महिमा का बखान करते हुए कहा कि मदर्स डे केवल एक दिन मनाने का नहीं है, बल्कि हर दिन मां का सम्मान और आभार व्यक्त करना चाहिए। मुख्य अतिथि सीमा सैनी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में पारिवारिक मूल्यों और संस्कृति के प्रति जागरूकता लाते हैं। यह देखना सुखद है कि विद्यालय इस दिशा में इतना उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

## क्रेसेंट पब्लिक स्कूल, रतिया में मातृ दिवस पर उमड़ा भावनाओं का सागर

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 10 मई।** क्रेसेंट पब्लिक स्कूल, रतिया में आज मातृ दिवस के अवसर पर एक सुंदर एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी माताओं को समर्पित शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्हें खास महसूस कराया।

कार्यक्रम की शुरूआत कार्ड मेकिंग और गुलदस्ता (बुके) बनाने की प्रतियोगिता से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को रंगों और फूलों के माध्यम से प्रस्तुत किया। हर एक कार्ड और बुके में माँ के प्रति प्रेम और श्रद्धा की झलक देखने को मिली।इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें बच्चों ने नृत्य और गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। माँ पर आधारित गीतों पर बच्चों का नृत्य और मधुर गायन ने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया।स्कूल के प्राचार्य श्री अदेश शर्मा जी ने इस मौके पर कहा, "माँ ईश्वर का वह रूप है जो हमें बिना किसी स्वार्थ के प्रेम करती है। इस तरह के आयोजन बच्चों में संस्कार और भावनात्मक जुड़ाव को और भी गहरा करते हैं।"पूरे कार्यक्रम में विद्यालय प्रांगण उल्लास और स्नेह से गूंजता रहा। इस अवसर पर सभी अध्यापक और अध्यापिकाएं मौजूद रही।

## विश्वास पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस पर हुआ भव्य आयोजन, माताओं और बच्चों ने मिल कर बांटे खुशी के पल



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**शाहाबाद मारकंडा, 10 मई।** विश्वास पब्लिक स्कूल के सीनियर और जूनियर विंग में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और हर्षोल्लास पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर पूरी तरह मातृत्व प्रेम और सांस्कृतिक रंग में रंगा नजर आया। सीनियर विंग में कक्षा छठी और सातवीं की छात्राओं ने विशेष प्रार्थना सभा का संचालन किया। कक्षा पहली और दूसरी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। वहीं कक्षा पांचवीं और छठी के छात्रों ने ह्यमाए तेरी चुनर लहराईह्ल गीत पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में विशेष रंग भरा। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि कक्षा पहली से पांचवीं तक के छात्रों की माताओं को आमंत्रित किया गया था। माताओं के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें ह्यहां-नहींह्ल, ह्यरैंप वॉकह्ल, ह्यहेल्थी टिफिनह्ल और नृत्य जैसी गतिविधियां शामिल थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या स्नेह राजपाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छोटे बच्चों ने अपनी माताओं को तिलक लगा कर उनका स्वागत किया। बच्चों ने बॉलीवुड थीम पर सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां दीं। माताओं के लिए ह्यम्यूजिकल चेयरह्ल, ह्यआइडेंटिफाई योर किडह्ल, और ह्यबैलेंसिंग कॉइन गेमह्ल जैसी गतिविधियों का आयोजन हुआ। प्राचार्य स्नेह राजपाल ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि माता ही बच्चे की पहली गुरु होती है। इंचार्ज दीपिका तनेजा ने सभी माताओं का धन्यवाद करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया।

# नवयुग सीनियर सकेंडरी स्कूल में मनाया मातृ दिवस, माताओं ने मनोरंजक खेलों में लिया भाग

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** नवयुग सीनियर सकेंडरी स्कूल, मोहन नगर कुरुक्षेत्र में मातृ दिवस बड़े ही अनूठे ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय में माताओं के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें माताओं ने मनोरंजक खेलों में भाग लिया तथा विजेता माताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। लक्की ड्रा कूपन ले माध्यम से सभी विद्यालय में आई सभी माताओं को उपहार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी.डी. गाबा ने मातृ दिवस का महत्व बताते हुए बच्चों को समझाया कि यह दिन दुनिया के विभिन्न हिस्सों में सभी माताओं के प्रति सम्मान, सत्कार और प्यार व्यक्त करने के लिए मनाया जाने वाला एक अवसर है। यह दिन हम हमारी जिंदगी में एक मां की भूमिका के महत्त्व को दशार्ने के लिए मनाते हैं। यह अवसर सभी



को अपने आसपास की माताओं के लिए कुछ खास करने का मौका देता है। लेकिन इस बात का बेहद ध्यान रखना चाहिए कि अपनी मां का शुक्रिया अदा करने के लिए केवल एक दिन काफी नहीं है,सभी दिनों को खास बनाएं और उन्हें खास होने का एहसास दिलाएं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में सभी स्कूलों में किताबी ज्ञान पर विशेष जोर दिया जाता है तथा उसी का परिणाम है कि आज बच्चों के अंक शत प्रतिशत तक भी आ जाते हैं, लेकिन इस प्रतिस्पर्धा के युग में हम कहीं न कहीं भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। स्कूलों में इस प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों में अच्छे संस्कार एवं नैतिकता पूर्ण शिक्षा देने का प्रयास किया जाता है जो की नितांत आवश्यक भी है। प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि अध्यापन क्षेत्र से जुड़ी हर स्त्री हर विद्यार्थी के लिए एक माता की भूमिका निभाती है। कभी उसे प्यार से तो कभी डांट कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है, माता के बाद अध्यापिका का स्थान आता है। जितना सम्मान बच्चे अपनी माँ को देते हैं उतना ही उन्हें अपने अध्यापकों का भी करना चाहिए। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में आने वाली माताओं को विद्यालय के बच्चों ने तिलक करके मातृ दिवस की बधाई दी और मुंह मीठा करवाया। विद्यार्थियों ने मधुर गीत गाकर सबको भाव विभोर कर दिया।इस अवसर पर प्रशासक विकास गाबा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीति मिश्रा, को आर्डिनेटर ऋतु चौधरी, मंजीत, मीनाक्षी, सीमा, नैंसी, सीमा, पायल, प्रियंका, हरिंदर, सोनिया, परम ज्योति, नीतू, रिहाना, मधु, पूनम, आशा, किरण, अंजलि, कोमल, स्नेह, मोनिका, गीता अध्यापक ईशांत, शक्ति प्रकाश, जसमेर सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल रतिया में अभिभावक अध्यापक बैठक का किया गया आयोजन



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 10 मई।** मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल रतिया के प्रांगण में आज शैक्षणिक स्तर 2025 -26 की प्रथम अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। आज की बैठक में विद्यालय के लगभग सभी अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई तथा अपने बच्चों के शैक्षणिक अनुभवों को अध्यापकों के साथ सांझा किया।अध्यापकों द्वारा बच्चों की शिक्षण संबंधी सभी प्रकार की उपलब्धियां पर भी अभिभावकों के साथ विचार विमर्श किया गया। विद्यालय प्राचार्य लोकेश खुराना ने अपने संबोधन में बताया कि अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन वर्तमान शिक्षा तथा शिक्षण की एक बहुत बड़ी मांग है क्योंकि आधुनिक शिक्षा के उद्देश्यों को केवल अध्यापकों या केवल अभिभावकों के प्रयासों से हासिल नहीं किया जा सकता, इसलिए एक संतुलित शिक्षक वातावरण तैयार करने के लिए अभिभावक अध्यापक बैठक एक अनिवार्य मंच है। प्राचार्य महोदय ने सभी अभिभावकों के साथ विचार साँझा करते हुए उन्हें कहा कि अभिभावकों को सभी अध्यापक अभिभावक बैठकों में उपस्थित रहना अनिवार्य है तभी वह एक उचित शिक्षण वातावरण में अपने बच्चों की शिक्षा की पूरी कर सकते हैं। इस बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक वसंतलाल बत्रा के द्वारा की गई तथा सभी अध्यापक भी मौजूद रहे।

## सीआईए पुलिस ने रतिया क्षेत्र से पिस्तौल सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 10 मई।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा निदेर्शानुसार नाजायज हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए सीआईए फतेहाबाद ने एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान विक्रम उर्फ मजनू पुत्र सेमा सिंह निवासी आजाद मार्किट, रतिया के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद कर उसके खिलाफ थाना सदर रतिया में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक यादविन्द्र ने बताया कि सीआईए की पुलिस टीम एचसी राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव लाली में बस अड्डे के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर मंदिर के पास एक युवक नाजायज पिस्तौल लिए खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो मंदिर के पास खड़ा युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और मंदिर की आड़ में छिपने की कोशिश करने लगा। शक केआधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो युवक ने अपना नामविक्रम उर्फ मजनू बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी पिस्तौल 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज कोर्ट मे पेश कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## एसडीएम ने मीटिंग में सरकारी दफ्तरों में रात के समय सभी बिजली उपकरण बंद करने के दिए निर्देश

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 10 मई।** एसडीएम सुरेश कुमार ने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव के मद्देनजर शनिवार को अधिकारियों की बैठक बुलाई। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी छुट्टियों के दौरान भी कार्यालय खुला रखें व आवश्यक स्टाफ ड्यूटी पर मौजूद रहेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी आगामी आदेशों तक अपना स्टेशन न छोड़े। एसडीएम सुरेश कुमार ने मीटिंग में अधिकारियों को सरकारी दफ्तरों में रात के समय सभी बिजली उपकरण बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील कि वे रात्रि में घरों में रहें और बिना जरूरत के घर से बाहर ना निकलें।

# स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से अटेली विधानसभा को मिली 27 करोड़ रुपये की सौगात

## सरकार रोड नेटवर्क को कर रही मजबूत : आरती सिंह राव

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नारनौल, 10 मई।** हरियाणा सरकार की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अथक प्रयासों से अटेली विधानसभा क्षेत्र को लोक निर्माण विभाग (ढहऊ) द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए लगभग 2712.2 लाख (27.12 करोड़) की लागत से 27 सड़कों के निर्माण व सुदृढ़ीकरण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह अटेली क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे क्षेत्रीय विकास, आवागमन की सुगमता और सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार लगातार रोड नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही है। इसी कड़ी में, अटेली हलके के लिए लगभग 27 करोड़ रुपए सड़कों के मजबूत और मरम्मत करने के लिए जारी किए गए हैं।

ह जानकारी देते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि सरकार लगातार ढांचागत सुविधाएं बढ़ाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता में सुधार करने से न केवल यातायात की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि अटेली हलके में सड़क विकास परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के निवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। इससे न केवल यातायात की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार ढांचागत सुविधाएं बढ़ाने के लिए काम कर रही है। राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जो क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।

उ न्हों ने बताया कि नारनौल-रेवाड़ी सड़क से खेड़ी तक 362.38 लाख, महासर गांव में सड़क (स्कूल मंदिर से लिंक) रोड़ 7.32 लाख, कनीना महेंद्रगढ़ से बाघोत सड़क 668.71 लाख, चिड़िया कनीना से गांव बाघोत तक लिंक शिव मंदिर रोड़ 52.4 लाख, कनीना अटेली से रामबास सड़क 156.49 लाख,

एफएसके मुंडायन के लिए सड़क 43.52 लाख, चिड़िया कनीना रोड़ से बास जाने वाला मार्ग 47.41 लाख, बवाना से भोजावास वाया सुंदरह सड़क 362.07 लाख, खरखड़ावास से स्कूल सड़क 38.77 लाख,

करीरा गांव में (शमशान घाट से लिंक) सड़क 106.85 लाख, जेएनएस मुख्य सड़क से करीरा के लिए (जवाहर नवोदय स्कूल से लिंक) सड़क 112.38 लाख, स्याणा से दुधवा सीमा तक सड़क 79.91 लाख, खेड़ी से बाघोत रोड 107.07 लाख, सीहोर से बाघोत रोड 159.03 लाख,

स्याना से दातौली सीमा तक 64.94 लाख, बोचड़िया से महासर रोड 12.75 लाख, अटेली कनीना से कारिया जाने वाला मार्ग 4.4 लाख, एफएसके ढाणी अटाली का रास्ता 61.82 लाख, करीरा से हरिजन चौपाल स्कूल के साथ लिंक रोड 16.23 लाख, एफएसके रोड से कोका 33.96 लाख, नारनौल-रेवाड़ी रोड से उनिंदा 8.6 लाख, नारनौल-रेवाड़ी रोड से धनौंदा तक 7.42 लाख, एमकेएलएन रोड से गुढ़ा 54.38 लाख, रसूलपुर से रसूलपुर की ढाणी रोड (बचिन) 23.5 लाख,

गणियार से विजय नगर राजस्थान सीमा तक 12.27 लाख, खरकड़ा बास से खरकड़ा 13.81 लाख व गुढ़ा से गुढ़ा की ढाणी (नांगल हरनाथ) तक 23.8 लाख रुपए की लागत से सड़कों की मरमत की जाएगी।

## बिना किसी भेदभाव के मानवता की सेवा करता है रेडक्रॉस : डॉ. सीमा पांडे

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 10 मई।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र द्वारा वर्ल्ड रेड क्रॉस डे को आनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया। यह आयोजन डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस विशेष सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. सीमा पांडे थीं, जो कि पलवल के राजकीय विद्यालय में यूथ रेड क्रॉस काउंसलर हैं। सत्र के दौरान डॉ. सीमा पांडे ने शालिनियों को रेड क्रॉस के इतिहास, उद्देश्य और इसके मानवता आधारित कार्यों के बारे में गहराई से बताया। उन्होंने रेडक्रॉस के मूल सिद्धांत तथा जमीनी स्तर पर की जाने वाली सेवाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही यह भी बताया कि शालिनियां अपने स्कूलों और कॉलेजों में रेड क्रॉस की सदस्य बनकर समाज सेवा में कैसे भाग ले सकती हैं। विशेष रूप से, डॉ. सीमा पांडे और डॉ. सुषमा शर्मा ने वर्तमान भारत-पाक युद्ध जैसे तनावपूर्ण माहौल में रेड क्रॉस की भूमिका को समझाया। उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस कैसे युद्धकालीन परिस्थितियों में घायल लोगों की मदद करता है, शरणार्थियों को राहत पहुंचाता है और बिना किसी भेदभाव के मानवता की सेवा करता है। यह संगठन सीमाओं से परे जाकर शांति और सहयोग का प्रतीक बन चुका है।

## सेंट कबीर स्कूल के विद्यार्थियों ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन




**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 10 मई।** करनाल के आदर्श स्कूल में सी.आई.एस.सी.ई द्वारा आयोजित जोनल बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सेंट कबीर विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

अंडर-17 आयु वर्ग की एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता में एरोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अंडर-14 आयु वर्ग की एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता में अवनी लोहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। इसके अतिरिक्त अवनी लोहान और सुदीक्षा की जोड़ी ने डबल्स प्रतियोगिता में भी बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए रजत पदक अपने नाम किया। विद्यालय प्रबंधन व प्रधानाचार्या नीरू महतानी ने इन छात्रों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्कूल का मानना है कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं।



# सेल्फ एम्प्लॉयमेंट का जरिया ऑर्गेनिक खेती



देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, वहीं यह सेक्टर पचास फीसद से ज्यादा आबादी को रोजगार भी उपलब्ध कराता है। इसके अलावा हाल के वर्षों में जिस तरह से कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण हुआ है, इसमें नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बढ़ा है, पारंपरिक खेती के साथ-साथ ऑर्गेनिक और इनोवेटिव फार्मिंग हो रही है, उसने एग्रीकल्चर के प्रति समाज और खासकर युवाओं का नजरिया काफी हद तक बदला है। यही कारण है कि बीते कुछ समय में आईआईटी और आईआईएम से पास-आउट कई युवाओं ने मल्टीनेशनल कंपनियों की जॉब छोड़कर एग्रीकल्चर और एग्रीबिजनेस की ओर रुख किया है। इनके अलावा भी दूसरे सेक्टरों में काम करने वाले युवा हॉर्टिकल्चर, डेयरी, ऑर्गेनिक और पोल्ट्री फार्मिंग जैसे पेशे से जुड़ रहे हैं। उन्हें गर्व है कि वे देश और किसानों के लिए कुछ सकारात्मक कर पा रहे हैं। ऑर्गेनिक खेती का जिक्र तो आजकल बहुत हो रहा है, लेकिन सवाल यह है कि अगर किसी को इसमें करियर बनाना है, तो वह क्या करे। गौरतलब है कि यह ऐसी खेती है, जिसमें सिंथेटिक खाद, कीटनाशक आदि जैसी चीजों के बजाय तमाम ऑर्गेनिक चीजें जैसे गोबर, वर्मी कंपोस्ट, बॉयोफर्टिलाइजर्स, क्रॉप रोटेशन तकनीक आदि का इस्तेमाल किया जाता है। कम जमीन में, कम लागत में इस तरीके से पारंपरिक खेती के मुकाबले कहीं ज्यादा उत्पादन होता है। यह तरीका फसलों में जरूरी पोषक तत्वों को संरक्षित रखता है और नुकसानदेह केमिकल्स से दूर रखता है। साथ ही यह पानी भी बचाता है और जमीन को लंबे समय तक उपजाऊ बनाए रखता है। यह पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मददगार है।

## कैसे करें शुरूआत?

अगर आपको ऑर्गेनिक खेती शुरू करनी है, तो सबसे पहले आपको इसका प्रोजेक्ट या ब्लू प्रिंट बनाना होगा। यह तय करना होगा कि कितनी जमीन पर यह खेती करेंगे। जमीन की लोकेशन क्या है? जमीन किस फसल के लिए अच्छी है? आपका बजट कितना है? यह प्रोजेक्ट किसी भी चार्टर्ड एकाउंटेंट से बनवा सकते हैं। इसके बाद आपको फॉर्म 1 ए-1, 1 ए-3, 1जी और फॉर्म 11 भरकर रजिस्ट्रेशन फीस के साथ अपने राज्य के डिपार्टमेंट ऑफ ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन में जमा करना होगा।

## सरकार देती है सब्सिडी

कृषि वैज्ञानिक आपकी जमीन की जांच करेंगे और यह तय करेंगे कि इसकी मिट्टी किस फसल की खेती के लिए अच्छी है। इसके बाद आपका प्रोजेक्ट कृषि विभाग में पास होने के लिए भेज दिया जाएगा। ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए तकरीबन हर राज्य में सरकार 80 से 90 फीसद तक सब्सिडी देती है। मतलब यह आपको पूरे प्रोजेक्ट में 10 से 20 फीसद ही इनवेस्ट करना होगा। प्रोजेक्ट पास होने के बाद ऑर्गेनिक फार्मिंग टेक्निक वाली कंपनियां सेटअप लगाने के लिए आपसे खुद संपर्क करती हैं। सरकार से मिले पैसों से ये कंपनियां आपकी जमीन पर ग्रीन हाउस और ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए सेटअप लगाती है। साथ ही आपको ट्रेनिंग भी देती है।

## पूरे देश में चल रहा प्रोजेक्ट

सरकार की ओर से नेशनल ऑर्गेनिक फार्मिंग प्रोजेक्ट भी चलाया जा रहा है। इसके सेंटर की वेबसाइट से आप और भी जानकारी ले सकते हैं। दिल्ली स्थित पूसा इंस्टीट्यूट से भी पूरी जानकारी और ट्रेनिंग ले सकते हैं।

## सिर्फ मानसून पर निर्भर नहीं कृषि

कृषि अब पूरी तरह से मानसून पर निर्भर नहीं है। वैज्ञानिक तरीके से अगर खेती की जाए, तो फसल भी अच्छी होती है और पानी भी कम लगता है। पहले जैसे सूखे के हालात अब नहीं पैदा होते। अब बारिश के पानी का स्टोरेज भी बेहतर तरीके से किया जाता है। इससे बारिश कम होने पर भी फसलों को पर्याप्त पानी मिल जाता है। एग्रीकल्चर स्वरोजगार का सबसे अच्छा साधन है। इससे अब अच्छी कमाई भी की जा सकती है। बहुत से प्रोफेशनल फार्मर साइंटफिक फार्मिंग के जरिये न सिर्फ अच्छा पैसा कमा रहे हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रहे हैं। यही नहीं, प्राइवेट और गवर्नमेंट दोनों सेक्टरों में एग्रीकल्चर का स्कोप तेजी से बढ़ रहा है।





# फाइन आर्ट्स में लीजिए डिग्री मिलेंगे बेहतरीन कॅरियर विकल्प

**ललित कला स्नातक एक स्नातक की डिग्री है जो आपको दृश्य, ललित या प्रदर्शन कला में एक पेशेवर कॅरियर के लिए तैयार करती है। आपका कोर्सवर्क आपके फाइन आर्ट्स मेजर पर निर्भर करता है। कुछ प्रमुख जो आप ललित कला स्नातक के साथ कर सकते हैं उनमें फोटोग्राफी, कला इतिहास और नृत्य शामिल हैं।**

क्या आप स्केचिंग, ड्राइंग और रचनात्मकता करना पसंद करते हैं? यदि हां, तो फिर ललित कला में अध्ययन आपके लिए अनुकूल होगा। ललित कला कला का एक अच्छा संग्रह है जो सुंदर चीजों को बनाने के लिए किया जाता है। ललित कला में स्नातक आपको ललित कला में कॅरियर के लिए सर्वश्रेष्ठ रूप से तैयार कर सकता है।

ललित कला में स्नातक क्या है?

ललित कला स्नातक एक स्नातक की डिग्री है जो आपको दृश्य, ललित या प्रदर्शन कला में एक पेशेवर कॅरियर के लिए तैयार करती है। आपका कोर्सवर्क आपके फाइन आर्ट्स मेजर पर निर्भर करता है। कुछ प्रमुख जो आप ललित कला स्नातक के साथ कर सकते हैं उनमें फोटोग्राफी, कला इतिहास और नृत्य शामिल हैं।

अधिकांश कार्यक्रमों में रचनात्मक अभ्यास के घंटों के साथ-साथ कक्षा निर्देश शामिल हैं। अंतत:, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स की डिग्री आपको कला में विभिन्न प्रकार के करियर विकल्पों के साथ एक अच्छी तरह से शिक्षा प्रदान करती है। मुख्य ललित कलाएं फिल्म, नृत्य, पेंटिंग, फोटोग्राफी, वास्तुकला, मिट्टी के बर्तन, वैचारिक कला, मूर्तिकला, संगीत, प्रिंटमेकिंग, इंटीरियर डिजाइन और नाटक हैं। यह छात्रों को कलाकार बनने और कला के निर्माण से जुड़ी अन्य प्रथाओं का पालन करने के लिए सिखाता है और तैयार करता है। अरस्तू के अनुसार, ''कला का मुख्य उद्देश्य चीजों की बाहरी उपस्थिति का प्रतिनिधित्व नहीं करना है, बल्कि उनके आंतरिक महत्व का भी प्रतिनिधित्व करना है''।

## पाठ्यक्रम और अवधि

ललित कला पाठ्यक्रमों में बड़ी संख्या में प्रमाणपत्र, डिप्लोमा और डिग्री स्तर के पाठ्यक्रम हैं जो विभिन्न संस्थानों द्वारा पेश किए जाते हैं। आप ललित कला में स्नातकोत्तर और पीएचडी पाठ्यक्रम भी कर सकते हैं। पाठ्यक्रमों की अवधि 1 से 5 वर्ष तक होती है।

## डिप्लोमा कोर्स

**ललित कला में डिप्लोमा :** यह एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। यह कोर्स 12वीं के बाद किया जा सकता है।

**स्नातक के अंतर्गत का पाठ्यक्रम :**

**बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) या बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स (बीवीए) :** इस कोर्स की अवधि 4 से 5 साल है।

**ललित कला में कला स्नातक (बीए) :** यह तीन साल की अवधि का कार्यक्रम है।

## परास्नातक पाठ्यक्रम

- मास्टर ऑफ फाइन आर्ट (एमएफए) या मास्टर इन विजुअल आर्ट्स (एमवीए) : यह दो साल की अवधि का कार्यक्रम है।
- ललित कला में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए) : इस पाठ्यक्रम की अवधि आम तौर पर दो वर्ष की होती है।
- कुछ संस्थान पत्राचार और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। दो प्रसिद्ध संस्थान इग्नू, दिल्ली और दिल्ली विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग पत्राचार में ललित कला पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

## ललित कला में आवश्यक कौशल

- आपके द्वारा बनाई गई ड्राइंग आगंतुक की नजर में यथार्थवादी होनी चाहिए।
- आपको कला सामग्री और उनका उचित उपयोग कैसे करना है, इसकी जानकारी होनी चाहिए।
- अपने काम की प्रस्तुति और प्रदर्शन उचित तरीके से और सटीक होना चाहिए।
- आपके पास रचनात्मकता होनी चाहिए।
- रंग और रंग सिद्धांत के साथ प्रयोग की जाने वाली तकनीकें होनी चाहिए।
- संचार और पारस्परिक कौशल आपके भीतर मौजूद होनी चाहिए।
- आपको कुछ नवीनतम तकनीकों के साथ उपयोग किए जाने वाले सभी डिजिटल मीडिया का ज्ञान होना चाहिए।

### प्रमुख जॉब प्रोफाइल इस प्रकार हैं :

- आर्ट थेरेपिस्ट
- मल्टीमीडिया प्रोग्रामर
- ड्राइंग टीचर
- सेट डिजाइनर
- प्रोडक्शन आर्टिस्ट
- म्यूजिक टीचर
- रचनात्मक निदेशक
- संपादक
- फर्नीचर डिजाइनर
- कला निर्देशक
- 3डी कलाकार
- एनिमेटर

### रोजगार के क्षेत्र :

- विज्ञापन कंपनियां
- बुटीक
- कला स्टूडियो
- थियेटर
- सिलाई की दुकानें
- फैशन हाउस
- शिक्षा संस्थान
- टेलीविजन उद्योग
- एनीमेशन
- शिक्षण
- वस्त्र उद्योग
- स्कल्पचर

### सैलरी पैकेज

वेतन नौकरियों के आधार पर अलग-अलग होते हैं। ललित कला में स्नातक 2 से 3 लाख रुपये प्रति वर्ष के बीच कमा सकता है। हालांकि यह उनकी प्रतिभा के आधार पर निर्भर करता है। अनुभव और ज्ञान के साथ-साथ सैलरी पैकेज में भी बढ़ोतरी होती रहती है। जो लोग विज्ञापन एजेंसियों और पब्लिशिंग हाउसेस में काम करना चाहते हैं, वे लगभग 4 से 5 लाख रुपये प्रति वर्ष का आकर्षक वेतन कमा सकते हैं।

## एडमिशन

- आप किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से उच्च माध्यमिक शिक्षा (12वीं) की परीक्षा पूरी करने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स कर सकते हैं। आप कुछ बीएफए संस्थानों द्वारा आयोजित योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।
- यदि आप मास्टर प्रोग्राम में शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको ललित कला में स्नातक की डिग्री प्राप्त करनी होगी।

कुछ प्रसिद्ध कॉलेज जो ललित कला में यूजी और पीजी पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं :

- हैदराबाद विश्वविद्यालय
- दिल्ली विश्वविद्यालय
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
- एमिटी विश्वविद्यालय
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स, दिल्ली

## कॅरियर और नौकरियां

आज विभिन्न क्षेत्रों में ललित कला के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। उत्कृष्ट वेतन, लोकप्रियता और प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए, भारत की युवा आबादी इस क्षेत्र में आकर्षित हो रही है।

- स्नातक पूरा करने के बाद छात्रों के पास एक कला शिक्षक, सरकारी कार्यालयों में कलाकार या फोटोग्राफर के रूप में काम करने का विकल्प होता है। आप एक स्वतंत्र कार्यकर्ता के रूप में भी अपना करियर शुरू कर सकते हैं और निर्देशन, कपड़े, फोटोग्राफी, टेलीविजन और फैशन के लिए जा सकते हैं।
- आप अकादमिक, वास्तुकला और फिल्म उद्योग में भी करियर बना सकते हैं। आप प्रकाशन या कपड़ा उद्योग में पत्रिकाओं, विज्ञापन एजेंसियों और समाचार पत्रों के रचनात्मक विभागों में शामिल हो सकते हैं।
- ललित कला स्नातक मुख्यधारा के स्नातक रोजगार और उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला में प्रशिक्षण के लिए भी आवेदन कर सकते हैं, उदाहरण के लिए, बैंकिंग, आर्ट गैलरी, बीमा, मीडिया और जनसंपर्क।
- उम्दा कलाकार विभिन्न प्रकार के मीडिया और तकनीकों का उपयोग करके कलाकृति का निर्माण करने का काम करते हैं।
- आप अपने काम को संग्रहालयों, निजी दीर्घाओं में प्रदर्शित कर सकते हैं या निजी संग्रह रख सकते हैं और अपने काम के लिए पुरस्कृत हो सकते हैं। आपके द्वारा बनाई गई वस्तुएं स्टूडियो, नीलामी, स्टोर या कला और शिल्प शो में बिकेंगी।
- फाइन आर्ट्स में स्कोप काफी अच्छा है, आप इस प्रोफेशनल कॅरियर के तहत सम्मान और पैसा दोनों कमा सकते हैं। मल्टीमीडिया कलाकार और एनिमेटर मोशन पिक्चर या वीडियो गेमिंग उद्योगों में काम करते हैं।





# पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी में गोल्डन करियर

**ऊर्जा का अहम स्त्रोत होने के नाते पेट्रोलियम की उपयोगिता से सभी वाकिफ हैं। भारत पेट्रोलियम पदार्थों की अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। अगर आंकड़ों की मानें तो पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग में भारत विश्व का आठवां बड़ा देश है। एचपीसीएल, बीपीसीएल, रिलायंस, इंडियन ऑयल जैसी कंपनियों से सरकार को भारी-भरकम राजस्व मिलता है।**

### संभावनाएं

पहले इस क्षेत्र में जियोलॉजिस्ट की काफी मांग थी, समय बदलने के साथ मैकेनिकल क्षेत्र के विशेषज्ञों ने इस इंडस्ट्री में अपनी धाक जमाई। करियर की अनेक संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रबंधन से लेकर इंजीनियरिंग तक के कोर्स शुरू हुए हैं।

### कोर्स

पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी ने बीबीए, एमबीए, एमटेक, बीटेक, एमएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। इसके अलावा देश के चुनिंदा संस्थानों ने पेट्रोलियम के क्षेत्र में बीई, बीटेक, एमई, एमटेक, एमएससी और बीएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। ये सभी कोर्स पेट्रोकैमिकल इंजीनियरिंग, पेट्रोटेक्नोलॉजी, गैस इंजीनियरिंग, पेट्रोमार्केटिंग आदि में शुरू किए हैं।

### योग्यता

बारहवी की परीक्षा भौतिक विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों से पास करने के बाद आप इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। कैमिकल और पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बीई और बीटेक कर चुके छात्र पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एमटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। बीबीए में प्रवेश के लिए बारहवीं किसी भी संकाय से उत्तीर्ण होना जरूरी है।

### स्टडी कोर्स

पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में छात्र जियोलॉजी, भौतिकी और इंजीनियरिंग के सिद्धांतों द्वारा पेट्रोलियम की रिकवरी, डेवलपमेंट और प्रोसेसिंग के बारे में जानते हैं। इसके अलावा ड्रिलिंग, मैकेनिक्स, पर्यावरण संरक्षण और पेट्रोलियम जैसे विषयों पर छात्रों की पकड़ बनाई जाती है। पेट्रोलियम इंडस्ट्री को मुख्य तौर पर दो भागों में बांट कर देख सकते हैं- अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सेक्टर। अपस्ट्रीम सेक्टर में खोज, उत्पादन व तेल और प्राकृतिक गैसों का दोहन कैसे किया जाए, इसकी शिक्षा व ट्रेनिंग दी जाती है। डाउनस्ट्रीम सेक्टर में रिफाइनिंग, मार्केटिंग और वितरण से संबंधित पूरी जानकारी दी जाती है। पेट्रोलियम के क्षेत्र में टीम की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। एक पेट्रोलियम इंजीनियर को जियोलॉजिस्ट, अन्वेषणकर्ता, इंजीनियर, पर्यावरण क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ काम करना पड़ता है।

### अवसर

पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नौकरी की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। लगभग आठ लाख लोगों को रोजगार देने वाला यह क्षेत्र अवसरों से भरा पड़ा है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस, ओएनजीसी, पेट्रोनेट जैसी नामी-गिरामी कंपनियों के द्वार आपके लिए खुले हैं। जिस तरह पेट्रोल के नए भंडार और क्षेत्र मिल रहे हैं, उससे यह क्षेत्र आने वाले समय में बड़ा लाभकारी साबित होगा।

### संस्थान

- यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम स्टडीज, देहरादून, उत्तराखंड
- डिब्रूगढ़ यूनिवर्सिटी, असम
- इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद
- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, इंस्टीटयूट ऑफ पेट्रोलियम स्टडीज एंड कैमिकल इंजीनियरिंग, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
- यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज, दिल्ली
- अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई, तमिलनाडु
- डॉ. हरिसिंह गौर यूनिवर्सिटी सागर, मध्य प्रदेश
- महाराष्ट्र इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे, महाराष्ट्र



सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोनः01252-259260, 9255149495,
ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिकाः- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।